(ण) "सेवा" या "अनुभव" जहां कहीं भी इन नियमों में, उच्चतर पद पर पदोन्नति के लिए पात्र किसी निम्नतर पद धारण करने वाले व्यक्ति की दशा में एक सेवा से दूसरी सेवा में या सेवा के भीतर एक प्रवर्ग से दूसरे प्रवर्ग में या वरिष्ठ पदों पर पदोन्नति के लिए एक शर्त के रूप में विहित हो, उसमें ऐसी कालावधि सम्मिलित होगी, जिसके दौरान ऐसे व्यक्ति ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक के अधीन प्रख्यापित नियमों के अनुसार नियमित चयन के पश्चात् ऐसे निम्नतर पद पर निरन्तर कार्य किया हो ;

टिप्पण :– सेवा के दौरान की ऐसी अनुपस्थिति, उदाहरणार्थ प्रशिक्षण, छुट्टी और प्रतिनियुक्ति इत्यादि, जो राजस्थान सेवा नियम, 1951 के अधीन "ड्यूटी" के रूप में मानी जाती है, पदोन्नति के लिए अपेक्षित अनुभव या सेवा की संगणना करने के लिए सेवा के रूप में गिनी जायेगी ; और

(त) "वर्ष" से वित्तीय वर्ष अभिप्रेत है।

3. निर्वचन .– जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, राजस्थान साधारण खण्ड अधिनियम, 1955 (1955 का राजस्थान अधिनियम सं. 8) इन नियमों के निर्वचन के लिए उसी प्रकार लागू होगा, जिस प्रकार वह राजस्थान अधिनियम के निर्वचन के लिए लागू होता है।

भाग 2

संवर्ग

4. सेवा की संरचना और उसमें पदों की संख्या .– (1) सेवा में सम्मिलित पदों का स्वरूप वह होगा जो अनुसूची के स्तम्भ–2 में विनिर्दिष्ट है।

(2) पदों की संख्या उतनी होगी जितनी सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाये :

परन्तु सरकार, –

(क) आवश्यक प्रतीत होने पर कोई भी स्थायी या अस्थायी पद समय–समय पर सृजित कर सकेगी ; और

(ख) किसी व्यक्ति को किसी भी प्रतिकर का हकदार या किसी पद के प्रति भर्ती की कोई अनिवार्यता बनाये बिना किसी स्थायी या अस्थायी पद को समय–समय पर खाली या प्रास्थगित रख सकेगी या समाप्त कर सकेगी।

5. सेवा का प्रारम्भिक गठन .– सेवा निम्नलिखित से गठित होगी :–

(क) ऐसे व्यक्ति जिन्हें राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा नियम, 1963 के अधीन चिकित्सा अधिकारी और कनिष्ठ विशेषज्ञ के पद पर नियमित रूप से भर्ती किया गया था, और जिन्होंने इन नियमों के प्रारम्भ के तीन माह के भीतर इस सेवा का विकल्प दिया हो और जिनका विकल्प सरकार द्वारा स्वीकार कर लिया गया हो ;

(ख) इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किये गये व्यक्ति।

भाग 3

भर्ती की रीतियां

6. भर्ती की रीतियां .– इन नियमों के प्रारम्भ के पश्चात् सेवा में भर्ती निम्नलिखित रीतियों से की जायेगी :–

(क) इन नियमों के भाग 4 के अनुसार प्रारम्भिक भर्ती द्वारा ;

(ख) इन नियमों के भाग 5 के अनुसार सीधी भर्ती द्वारा ;

(ग) इन नियमों के भाग 6 के अनुसार पदोन्नति द्वारा।

7. अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए रिक्तियों का आरक्षण .–

(1) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए रिक्तियों का आरक्षण सरकार के आरक्षण संबंधी ऐसे आदेशों के अनुसार होगा जो भर्ती अर्थात् प्रारम्भिक भर्ती, सीधी भर्ती और पदोन्नति द्वारा भर्ती के समय प्रवृत्त हों।

(2) इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए ऐसे पात्र अभ्यर्थियों के संबंध में, जो अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सदस्य हैं, अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका कौनसा रैंक है, इस पर ध्यान न देते हुए उसी कमानुसार नियुक्ति के लिए विचार किया जायेगा, जिस कम में उनके नाम, प्रारम्भिक भर्ती या सीधी भर्ती के लिए आयोग या, यथास्थिति, समिति द्वारा, और पदोन्नत किये जाने वाले व्यक्तियों के मामले में विभागीय पदोन्नति समिति या, यथास्थिति, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा, तैयार की गयी सूची में दिये गये हैं।

(3) नियुक्तियां सर्वथा प्रारम्भिक भर्ती, सीधी भर्ती और पदोन्नति के लिए विहित पृथक्–पृथक् रोस्टरों के अनुसार ही की जायेंगी। किसी वर्ष–विशेष में अनुसूचित जातियों और, यथास्थिति, अनुसूचित जनजातियों में के पात्र तथा उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की दशा में उनके लिए इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को तब तक अग्रनीत किया जायेगा जब तक अनुसूचित जातियों और, यथास्थिति, अनुसूचित जनजातियों का/के उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हो जाता है/जाते हैं। किन्हीं भी परिस्थितियों में, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित कोई रिक्ति पदोन्नति द्वारा और साथ ही सीधी भर्ती द्वारा सामान्य प्रवर्ग के अभ्यर्थी से नहीं भरी जायेगी। तथापि, आपवादिक मामलों में, जहां नियुक्ति प्राधिकारी लोकहित में यह महसूस करे कि रिक्त आरक्षित पद (पदों) को अर्जेण्ट अस्थायी आधार पर सामान्य प्रवर्ग के अभ्यर्थियों से पदोन्नति द्वारा भरना आवश्यक है, वहां नियुक्ति प्राधिकारी कार्मिक विभाग को निर्देश कर सकेगा और कार्मिक विभाग का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् अर्जेण्ट अस्थायी आधार पर सामान्य प्रवर्ग के अभ्यर्थी (अभ्यर्थियों) को पदोन्नत करके ऐसे पद (पदों) को पदोन्नति आदेश में यह स्पष्ट उल्लिखित करते हुए भर सकेगा कि सामान्य प्रवर्ग के अभ्यर्थी (अभ्यर्थियों) को, जिसे (जिन्हें) अनुसूचित जातियों या, यथास्थिति, अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्त पद के प्रति अर्जेण्ट अस्थायी आधार पर पदोन्नत किया जा रहा है, जब कभी भी उस प्रवर्ग का/के अभ्यर्थी उपलब्ध हो/हों, वह पद रिक्त करना होगा।

8. अन्य पिछड़े वर्गों के लिए रिक्तियों का आरक्षण.– अन्य पिछड़े वर्गों के लिए रिक्तियों का आरक्षण सीधी भर्ती के समय ऐसे आरक्षण के लिए प्रवृत्त सरकारी आदेशों के अनुसार होगा। किसी वर्ष–विशेष में अन्य पिछड़े वर्गों के पात्र और उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की दशा में उनके लिए इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को सामान्य प्रकिया के अनुसार भर लिया जायेगा।

9. महिला अभ्यर्थियों के लिए रिक्तियों का आरक्षण .– सीधी भर्ती में महिला अभ्यर्थियों के लिए रिक्तियों का आरक्षण प्रवर्गानुसार 30 प्रतिशत होगा जिसमें से 5 प्रतिशत विधवा अभ्यर्थियों के लिए होगा। किसी वर्ष–विशेष में पात्र और उपयुक्त विधवा अभ्यर्थियों के उपलब्ध न होने की दशा में विधवा अभ्यर्थियों के लिए इस प्रकार आरक्षित रिक्तियां अन्य महिला अभ्यर्थियों द्वारा भरी जायेंगी और पात्र तथा उपयुक्त महिला अभ्यर्थियों के उपलब्ध न होने की दशा में उनके लिए इस प्रकार आरक्षित रिक्तियां पुरुष अभ्यर्थियों द्वारा भरी

जायेंगी और ऐसी रिक्तियां पश्चात्वर्ती वर्ष के लिए अग्रनीत नहीं की जायेंगी और आरक्षण को क्षैतिज आरक्षण माना जायेगा, अर्थात् महिला अभ्यर्थियों का आरक्षण उस संबंधित प्रवर्ग में, जिसकी वे महिला अभ्यर्थी हैं, आनुपातिक रूप में समायोजित किया जायेगा।

10. राष्ट्रीयता .– सेवा में नियुक्ति के अभ्यर्थी के लिए यह आवश्यक है कि वह –

(क) भारत का नागरिक हो ; या

(ख) नेपाल का प्रजाजन हो ; या

(ग) भूटान का प्रजाजन हो ; या

(घ) भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से 1 जनवरी, 1962 के पूर्व भारत में आया तिब्बती शरणार्थी हो ; या

(ङ) भारतीय मूल का ऐसा व्यक्ति हो जो भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका और पूर्वी अफ्रीकी देश कीनिया, युगाण्डा तथा संयुक्त तनजानिया गणतंत्र (पूर्ववर्ती टांगानिका और जंजीबार), जाम्बिया, मालावी, जैरे और इथियोपिया से आया हो :

परन्तु (ख), (ग), (घ) और (ङ) प्रवर्गों का कोई अभ्यर्थी ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पक्ष में सरकार के गृह एवं न्याय विभाग द्वारा समुचित सत्यापन के पश्चात् पात्रता प्रमाणपत्र जारी किया गया हो।

11. अन्य देशों से भारत में आये व्यक्तियों की पात्रता की शर्तें .– इन नियमों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, ऐसे व्यक्ति के बारे में, जो भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से अन्य देशों से भारत में आया हो, सेवा में भर्ती की पात्रता हेतु राष्ट्रीयता, आयु–सीमा और फीस या अन्य रियायतों संबंधी उपबंध ऐसे आदेशों या अनुदेशों द्वारा विनियमित होंगे जो राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये जायें और ऐसे आदेश या अनुदेश भारत सरकार द्वारा उस विषय पर जारी किये गये अनुदेशों के अनुसार, यथावश्यक परिवर्तन सहित, विनियमित किये जायेंगे।

12. रिक्तियों का अवधारण .– (1) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, नियुक्ति प्राधिकारी प्रतिवर्ष 1 अप्रैल को वित्तीय वर्ष के दौरान होने वाली रिक्तियों की वास्तविक संख्या अवधारित करेगा।

(2) इस प्रकार अवधारित रिक्तियां नियमों में विहित रीति से भरी जायेंगी।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी, पूर्वतर वर्षों की रिक्तियों को भी, जिन्हें पदोन्नति द्वारा भरा जाना अपेक्षित था, वर्षवार अवधारित करेगा बशर्ते कि ऐसी रिक्तियां पहले अवधारित न की गयी हों और उस वर्ष में, जिसमें उनका भरा जाना अपेक्षित था, भरी न गयी हों।

13. **आयु** .– अनुसूची में प्रगणित किसी पद पर सीधी भर्ती का अभ्यर्थी, आवेदन प्राप्ति के लिए नियत अन्तिम तारीख के ठीक बाद आने वाली जनवरी के प्रथम दिन को 22 वर्ष की आयु प्राप्त किया हुआ होना चाहिए और 47 वर्ष की आयु प्राप्त किया हुआ नहीं होना चाहिए :

परन्तु –

(i) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के पुरुष अभ्यर्थियों के मामले में उपरिवर्णित ऊपरी आयु सीमा को 5 वर्ष तक शिथिल किया जायेगा ;

(ii) सामान्य प्रवर्ग की महिला अभ्यर्थियों के मामले में उपरिवर्णित ऊपरी आयु सीमा को 5 वर्ष तक शिथिल किया जायेगा ;

(iii) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों की महिला अभ्यर्थियों के मामले में उपरिवर्णित ऊपरी आयु सीमा को 10 वर्ष तक शिथिल किया जायेगा ;

(iv) अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के मामले में उपरिवर्णित ऊपरी आयु सीमा को 5 वर्ष तक शिथिल किया जायेगा ;

(v) भूतपूर्व कार्मिक और आरक्षित सैनिक अर्थात् रक्षा सेवा कार्मिकों, जिन्हें रिजर्व में स्थानांतरित कर दिया गया हो, के मामले में उपरिवर्णित ऊपरी आयु सीमा 50 वर्ष होगी ;

(vi) उपरिवर्णित ऊपरी आयु सीमा ऐसे भूतपूर्व कैदी के मामले में लागू नहीं होगी, जो अपनी दोषसिद्धि के पूर्व सरकार के अधीन किसी पद पर अधिष्ठायी तौर पर सेवा कर चुका था और इन नियमों के अधीन नियुक्ति का पात्र था ;

(vii) ऐसे भूतपूर्व कैदी के मामले में, उपरिवर्णित ऊपरी आयु सीमा को, उसके द्वारा भुक्त कारावास की अवधि के बराबर की कालावधि तक शिथिल किया जायेगा बशर्ते कि वह दोषसिद्धि के पूर्व अधिकायु का नहीं था और इन नियमों के अधीन नियुक्ति का पात्र था ;

(viii) सेवा में के किसी पद पर अस्थायी रूप से नियुक्त व्यक्तियों को, यदि वे प्रारम्भिक नियुक्ति के समय आयु सीमा में थे, आयु सीमा में ही समझा जायेगा, चाहे उन्होंने समिति/आयोग के समक्ष अन्तिम रूप से उपस्थित होने के समय ऊपरी आयु सीमा पार कर ली हो और यदि वे अपनी प्रारम्भिक नियुक्ति के समय इस प्रकार पात्र थे तो उन्हें दो अवसर तक दिये जायेंगे ;

(ix) एन.सी.सी. कैडेट अनुदेशकों के मामले में उपरिवर्णित ऊपरी आयु सीमा को, उनके द्वारा, एन.सी.सी. में की गयी सेवा के बराबर की कालावधि तक शिथिल किया जायेगा और यदि पारिणामिक आयु विहित अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो तो उन्हें विहित आयु सीमा में समझा जायेगा ;

(x) निर्मुक्त आपात कमीशन प्राप्त अधिकारियों को और लघु सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों को, सेना से निर्मुक्त होने के पश्चात् जब वे आयोग/समिति के समक्ष उपस्थित हों, आयु सीमा में समझा जायेगा चाहे उन्होंने आयु सीमा पार कर ली हो यदि वे सेना में कमीशन ग्रहण करने के समय आयु सीमा की दृष्टि से पात्र थे ;

(xi) विधवाओं और विवाह–विच्छिन्न महिलाओं के मामले में कोई ऊपरी आयु सीमा नहीं होगी।

स्पष्टीकरण :– विधवा के मामले में, उसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त अपने पति की मृत्यु का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा और विवाह–विच्छिन्न के मामले में उसे विवाह–विच्छिन्नता का सबूत प्रस्तुत करना होगा।

14. **शैक्षणिक और तकनीकी अर्हताएं** .– अनुसूची में विनिर्दिष्ट पदों के लिए सीधी भर्ती का अभ्यर्थी देवनागरी लिपि में लिखित हिन्दी के व्यावहारिक ज्ञान और राजस्थानी संस्कृति के ज्ञान के अतिरिक्त अनुसूची में विहित अर्हताएं रखेगा :

परन्तु ऐसा व्यक्ति, जो सीधी भर्ती के लिए नियमों या अनुसूची में यथा–उल्लिखित पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक अर्हता वाले ऐसे पाठ्यक्रम के अन्तिम वर्ष की परीक्षा में उपस्थित हो चुका है या उपस्थित हो रहा है, उस पद के लिए आवेदन करने का पात्र होगा किन्तु उसे, –

(i) जहां चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के दो प्रक्रमों के माध्यम से किया जाता हो, मुख्य परीक्षा में उपस्थित होने के पूर्व ;

(ii) जहां चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से किया जाता हो, साक्षात्कार में उपस्थित होने के पूर्व ;

(iii) जहां चयन केवल लिखित परीक्षा या, यथास्थिति, केवल साक्षात्कार के माध्यम से किया जाता हो, लिखित परीक्षा या साक्षात्कार में उपस्थित होने के पूर्व ;

समुचित चयन एजेंसी को अपेक्षित शैक्षणिक अर्हता अर्जित कर लेने का सबूत प्रस्तुत करना होगा।

15. **चरित्र** .– सेवा में सीधी भर्ती के अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए जो उसे सेवा में नियोजन के लिए अर्हित करे। उसे विश्वविद्यालय या महाविद्यालय, जिसमें उसने अंतिम बार शिक्षा पायी थी, के प्राचार्य/शैक्षिक अधिकारी द्वारा प्रदत्त सच्चरित्रता का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा और साथ ही ऐसे दो प्रमाणपत्र, जो उसके द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख से छह मास से अधिक पूर्व के लिखे हुए न हों, ऐसे दो उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रस्तुत करने होंगे जो उसके महाविद्यालय या विश्वविद्यालय से सम्बद्ध न हों और न उसके संबंधी हों।

टिप्पण :– (1) किसी न्यायालय द्वारा की गयी दोषसिद्धि मात्र में सच्चरित्रता प्रमाणपत्र न दिये जाने का आधार अन्तर्वलित नहीं है। दोषसिद्धि की परिस्थितियों पर विचार किया जाना चाहिए और यदि उनमें नैतिक अधमता संबंधी कोई बात अन्तर्ग्रस्त नहीं है या उनका संबंध हिंसात्मक अपराधों या ऐसे आन्दोलनों से नहीं है, जिसका उद्देश्य विधि द्वारा स्थापित सरकार को हिंसात्मक तरीकों से उलटना हो तो दोषसिद्धि मात्र को निरर्हता नहीं समझा जाना चाहिए।

(2) ऐसे भूतपूर्व कैदियों के साथ, जिन्होंने कारावास में अपने अनुशासित जीवन से और पश्चात्वर्ती सदाचरण से अपने आप को पूर्णतया सुधरा हुआ सिद्ध कर दिया हो, सेवा में नियोजन के प्रयोजन के लिए इस आधार पर विभेद नहीं किया जाना चाहिए कि वे पहले सिद्धदोष ठहराये जा चुके हैं। उन व्यक्तियों को,

जिन्हें ऐसे अपराधों के लिए सिद्धदोष ठहराया गया है जिनमें नैतिक अधमता या हिंसा अन्तर्ग्रस्त नहीं है, पूर्णतया सुधरा हुआ मान लिया जायेगा, यदि वे 'पश्चात्वर्ती देखरेख गृह' के अधीक्षक की, या यदि किसी जिला–विशेष में ऐसे गृह नहीं हैं तो उस जिले के पुलिस अधीक्षक की, इस आशय की रिपोर्ट प्रस्तुत कर दें। उन व्यक्तियों से, जिन्हें ऐसे अपराधों के लिए, जिनमें नैतिक अधमता या हिंसा अन्तर्ग्रस्त है, सिद्धदोष ठहराया गया है, पश्चात्वर्ती देखरेख गृह के अधीक्षक का, कारागार के महानिरीक्षक द्वारा पृष्ठांकित इस आशय का, कि उन्होंने कारावास के दौरान अपने अनुशासित जीवन से तथा पश्चात्वर्ती देखरेख गृह में अपने पश्चात्वर्ती सदाचरण से यह सिद्ध कर दिया है कि वे अब पूर्णतः सुधर गये हैं अतः नियोजन के लिए उपयुक्त हैं, प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जायेगी।

16. **शारीरिक उपयुक्तता** .– सेवा में सीधी भर्ती के अभ्यर्थी को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें किसी प्रकार का ऐसा कोई मानसिक या शारीरिक नुक्स नहीं होना चाहिए जिससे सेवा के सदस्य के रूप में उसके कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा आने की संभावना हो और यदि वह चयनित हो जाये तो उसे सरकार द्वारा उस प्रयोजन के लिए अधिसूचित किसी चिकित्सा प्राधिकारी का इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। नियुक्ति प्राधिकारी ऐसी अभ्यर्थी को, जो पदोन्नति की नियमित पंक्ति में पदोन्नत हो या जो पहले से राज्य के कार्यकलाप के संबंध में सेवारत हो, ऐसा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने से अभिमुक्त कर सकेगा यदि पूर्ववर्ती नियुक्ति के लिए उसकी स्वास्थ्य परीक्षा पहले ही कर ली गयी हो और उसके द्वारा धारित दोनों पदों के लिए स्वास्थ्य परीक्षा का आवश्यक मापमान नये पद के कर्तव्यों के दक्षतापूर्ण पालन के तुल्य हो और आयु के कारण उस प्रयोजन के लिए उसकी कार्यदक्षता में कोई कमी न आयी हो।

17. **अनियमित या अनुचित साधनों का प्रयोग** .– ऐसा अभ्यर्थी, जो प्रतिरूपण करने का या ऐसे बनावटी दस्तावेज जिनमें गड़बड़ की गयी है, प्रस्तुत करने का या ऐसे कथन करने का जो सही नहीं हैं या मिथ्या हैं या महत्वपूर्ण सूचना छिपाने का या परीक्षा अथवा साक्षात्कार में अनुचित साधनों का प्रयोग करने या उनका प्रयोग करने का प्रयास करने या परीक्षा में प्रवेश पाने या साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधन काम में लाने का दोषी है या सरकार अथवा आयोग द्वारा दोषी घोषित किया गया है तो दाण्डिक कार्यवाही किये जाने का दायी होने के अतिरिक्त ,–

(क) अभ्यर्थियों के चयन हेतु सरकार या आयोग द्वारा आयोजित किसी परीक्षा में प्रवेश पाने या किसी साक्षात्कार में उपस्थित होने से सरकार या, यथास्थिति, आयोग द्वारा ; और

(ख) सरकार के अधीन नियोजन से सरकार द्वारा,

या तो स्थायी तौर पर या किसी विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए विवर्जित किया जा सकेगा।

18. संयाचना .– इन नियमों के अधीन अपेक्षित से अन्यथा सीधी भर्ती के लिए किसी प्रकार की लिखित या मौखिक सिफारिश पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी द्वारा अपने पक्ष में समर्थन प्राप्त करने के लिए किसी भी तरीके से किया गया प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रयत्न उसे भर्ती के लिए निरर्हित कर सकेगा।

19. नियुक्ति के लिए निरर्हताएं .– (1) कोई पुरूष अभ्यर्थी, जिसके एक से अधिक जीवित पत्नियां हैं, सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा सिवाय उस दशा के जब सरकार, यह समाधान कर लेने के पश्चात् कि ऐसा करने के लिए विशेष आधार हैं, किसी अभ्यर्थी को इस नियम के प्रवर्तन से छूट न दे दे।

(2) कोई महिला अभ्यर्थी, जिसका विवाह ऐसे व्यक्ति से हुआ हो जिसके पहले से कोई जीवित पत्नी है, सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगी, सिवाय उस दशा के जब सरकार, यह समाधान कर लेने के पश्चात् कि ऐसा करने के लिए विशेष आधार हैं, किसी महिला अभ्यर्थी को इस नियम के प्रर्वतन से छूट न दे दे।

(3) कोई भी विवाहित अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति का पात्र नहीं होगा यदि उसने अपने विवाह के समय कोई दहेज स्वीकार किया हो।

स्पष्टीकरण :– इस नियम के प्रयोजन के लिए 'दहेज' का अर्थ वही होगा जो दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 (1961 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 28) में दिया गया है।

(4) ऐसा कोई भी अभ्यर्थी, जिसके 01.06.2002 को या उसके पश्चात् दो से अधिक संतानें हों, सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा :

परन्तु दो से अधिक सन्तानों वाला व्यक्ति तब तक नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं समझा जायेगा जब तक उसकी सन्तानों की उस संख्या में, जो 01.06.2002 को है, बढ़ोतरी नहीं होती है :

परन्तु यह और कि जहां किसी अभ्यर्थी के पूर्वतर प्रसव से एक ही सन्तान हो किन्तु पश्चात्वर्ती किसी एकल प्रसव से एक से अधिक संतानें पैदा हो जाती हैं वहां सन्तानों की कुल संख्या की गणना करते समय इस प्रकार पैदा हुई सन्तानों को एक इकाई समझा जायेगा :

परन्तु यह भी कि इस उप–नियम के उपबंध, राजस्थान मृत सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम, 1996 के अधीन किसी विधवा को दी जाने वाली नियुक्ति पर लागू नहीं होंगे।

भाग 4

प्रारम्भिक भर्ती की प्रकिया

20. समिति का गठन .– ग्रामीण चिकित्सा अधिकारी के पद पर प्रारम्भिक भर्ती निम्नलिखित से गठित समिति द्वारा की जायेगी, अर्थात् :–

1. प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग – अध्यक्ष
2. शासन सचिव, कार्मिक विभाग या शासन उप सचिव से अनिम्न रैंक का उसका नामनिर्देशिती – सदस्य

3. शासन सचिव, परिवार कल्याण विभाग – सदस्य
4. सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट राजस्थान चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किसी चिकित्सा महाविद्यालय का प्राचार्य – सदस्य
5. निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग –सदस्य सचिव।

21. आवेदन आमंत्रित करना .– सेवा में के पदों पर प्रारम्भिक भर्ती के लिए आवेदन समिति के सदस्य–सचिव द्वारा, भरी जाने वाली रिक्तियों को राजपत्र में या ऐसी अन्य रीति से, जो सरकार ठीक समझे, विज्ञापित करके, आमंत्रित किये जायेंगे। विज्ञापन में यह खण्ड होगा कि ऐसे किसी अभ्यर्थी को, जो उसे प्रस्तावित किये जा रहे पद का कर्तव्यभार स्वीकार करता है, परिवीक्षा की कालावधि के दौरान, राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर नियत दर से मासिक नियत पारिश्रमिक संदत्त किया जायेगा और विज्ञापन में अन्यत्र यथादर्शित वेतनमान, इन नियमों में उल्लिखित परिवीक्षा की कालावधि सफलतापूर्वक पूरी करने की तारीख से ही अनुज्ञात किया जायेगा :

परन्तु इस प्रकार विज्ञापित रिक्तियों के लिए अभ्यर्थियों का चयन करते समय समिति, यदि उसे विज्ञापित रिक्तियों के 50 प्रतिशत से अनधिक की अतिरिक्त आवश्यकता की सूचना चयन के पूर्व प्राप्त हो जाये, ऐसी अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति के लिए उपयुक्त व्यक्तियों का चयन भी कर सकेगी।

22. आवेदन का प्ररूप .– आवेदन सरकार द्वारा विहित प्ररूप में किया जाये और वह निदेशक के कार्यालय से ऐसी फीस का संदाय करके, जो सरकार समय–समय पर नियत करे, प्राप्त किया जा सकेगा।

23. आवेदन फीस .– सेवा में किसी पद पर प्रारम्भिक भर्ती का अभ्यर्थी निदेशक को ऐसी फीस का, जो सरकार नियत करे, ऐसी रीति से, जो वह उपदर्शित करे, संदाय करेगा।

24. आवेदनों की संवीक्षा .– निदेशक अपने द्वारा प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा करेगा और इन नियमों के अधीन नियुक्ति के लिए अर्हित इतने अभ्यर्थियों से, जितने वह वांछनीय समझे, साक्षात्कार हेतु समिति के समक्ष उपस्थित होने की अपेक्षा करेगा :

परन्तु किसी अभ्यर्थी के पात्र होने या अन्यथा के बारे में समिति का विनिश्चय अंतिम होगा।

25. समिति की सिफारिशें .– समिति ऐसे अभ्यर्थियों की, जिन्हें वह संबंधित पदों पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त समझे, एक सूची तैयार करेगी, उसे योग्यता कम में व्यवस्थित करेगी और उसे सरकार को अग्रेषित करेगी :

परन्तु समिति विज्ञापित रिक्तियों के 50 प्रतिशत की सीमा तक, उपयुक्त अभ्यर्थियों के नाम आरक्षित सूची में रख सकेगी। अध्यपेक्षा किये जाने पर, ऐसे अभ्यर्थियों के नामों की योग्यता कम में सिफारिश, उस तारीख से, जिसको समिति द्वारा सरकार को मूल सूची अग्रेषित की जाती है, छह मास के भीतर–भीतर सरकार को की जा सकेगी।

26. सरकार द्वारा चयन .– नियम 7, 8 और 9 के उपबन्धों के अध्यधीन, सरकार उन अभ्यर्थियों का, जिनका स्थान नियम 25 के अधीन समिति द्वारा तैयार की गयी सूची में योग्यता कम में सबसे ऊपर हो, चयन करेगी :

परन्तु किसी अभ्यर्थी का नाम सूची में सम्मिलित हो जाने मात्र से ही उसे नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी का, ऐसी जांच के पश्चात् जो वह आवश्यक समझे, यह समाधान न हो जाये कि ऐसा अभ्यर्थी संबंधित पद पर नियुक्ति के लिए अन्य सभी प्रकार से उपयुक्त है।

भाग 5

सीधी भर्ती की प्रकिया

27. आवेदन आमंत्रित करना .– सेवा में के पदों पर सीधी भर्ती के लिए आवेदन आयोग द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों को राजपत्र में या ऐसी अन्य रीति से, जो ठीक समझी जाये, विज्ञापित करके, आमंत्रित किये जायेंगे। विज्ञापन में यह खण्ड होगा कि ऐसे किसी अभ्यर्थी को, जो उसे प्रस्तावित किये जा रहे पद का कर्तव्यभार स्वीकार करता है, परिवीक्षा की कालावधि के दौरान, राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर नियत दर से मासिक नियत पारिश्रमिक संदत्त किया जायेगा और विज्ञापन में अन्यत्र यथादर्शित वेतनमान, इन नियमों में उल्लिखित परिवीक्षा की कालावधि सफलतापूर्वक पूरी करने की तारीख से ही अनुज्ञात किया जायेगा :

परन्तु इस प्रकार विज्ञापित रिक्तियों के लिए अभ्यर्थियों का चयन करते समय आयोग, यदि उसे विज्ञापित रिक्तियों के 50 प्रतिशत से अनधिक की अतिरिक्त आवश्यकता की सूचना चयन के पूर्व प्राप्त हो जाये, ऐसी अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति के लिए उपयुक्त व्यक्तियों का चयन भी कर सकेगा।

28. आवेदन का प्ररूप .– आवेदन आयोग द्वारा विहित प्ररूप में किया जायेगा और वह आयोग से ऐसी फीस का संदाय करके, जो आयोग समय–समय पर नियत करे, प्राप्त किया जा सकेगा।

29. आवेदन फीस .– सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती का अभ्यर्थी आयोग को ऐसी फीस का, जो आयोग नियत करे, ऐसी रीति से, जो वे उपदर्शित करें, संदाय करेगा।

30. आवेदनों की संवीक्षा .– आयोग अपने द्वारा प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा करेगा और इन नियमों के अधीन नियुक्ति के लिए अर्हित इतने अभ्यर्थियों से, जितने वे वांछनीय समझें, साक्षात्कार हेतु उनके समक्ष उपस्थित होने की अपेक्षा करेगा :

परन्तु किसी अभ्यर्थी के पात्र होने या अन्यथा के बारे में आयोग का विनिश्चय अंतिम होगा।

31. आयोग की सिफारिशें .– आयोग ऐसे अभ्यर्थियों की, जिन्हें वे संबंधित पदों पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त समझें, एक सूची तैयार करेगा, उसे योग्यता कम में व्यवस्थित करेगा और उसे सरकार को अग्रेषित करेगा :

परन्तु आयोग विज्ञापित रिक्तियों के 50 प्रतिशत की सीमा तक, उपयुक्त अभ्यर्थियों के नाम आरक्षित सूची में रख सकेगा। अध्यपेक्षा किये जाने पर, ऐसे अभ्यर्थियों के नामों की योग्यता कम में सिफारिश, उस तारीख से, जिसको आयोग द्वारा सरकार को मूल सूची अग्रेषित की जाती है, छह मास के भीतर–भीतर सरकार को की जा सकेगी।

32. सरकार द्वारा चयन .– नियम 7, 8 और 9 के उपबन्धों के अध्यधीन, सरकार उन अभ्यर्थियों का, जिनका स्थान नियम 31 के अधीन आयोग द्वारा तैयार की गयी सूची में योग्यता कम में सबसे ऊपर हो, चयन करेगी :

परन्तु किसी अभ्यर्थी का नाम सूची में सम्मिलित हो जाने मात्र से ही उसे नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी का, ऐसी जांच के पश्चात् जो वह आवश्यक समझे, यह समाधान न हो जाये कि ऐसा अभ्यर्थी संबंधित पद पर नियुक्ति के लिए अन्य सभी प्रकार से उपयुक्त है।

भाग 6

पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया

33. चयन के लिए कसौटी .– अनुसूची के स्तम्भ 4 में प्रगणित व्यक्ति, स्तम्भ 5 में विनिर्दिष्ट चयन वर्ष के अप्रैल मास के प्रथम दिन को न्यूनतम अर्हता और अनुभव रखने के अध्यधीन रहते हुए, स्तम्भ 2 में विनिर्दिष्ट पदों पर वरिष्ठता–एवं–योग्यता के आधार पर पदोन्नति के पात्र होंगे।

34. पदोन्नति समिति का गठन .– (1) इन नियमों के अधीन पदोन्नति द्वारा भर्ती, निम्नलिखित से गठित पदोन्नति समिति द्वारा की जायेगी, अर्थात् :–

1.	आयोग का अध्यक्ष या उनके द्वारा नामनिर्दिष्ट उसका कोई सदस्य	– अध्यक्ष
2.	प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग	– सदस्य
3.	शासन सचिव, कार्मिक विभाग या शासन उप सचिव से अनिम्न रैंक का उसका नामनिर्देशिती	– सदस्य
4.	निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग	– सदस्य सचिव

35. पदोन्नति के लिए कसौटी, पात्रता और प्रकिया .– (1) ज्योंही नियुक्ति प्राधिकारी इन नियमों के रिक्तियों के अवधारण से संबंधित नियम के अधीन रिक्तियों की संख्या अवधारित करे और यह विनिश्चित करे कि कतिपय संख्या में पद पदोन्नति द्वारा भरे जाने अपेक्षित हैं त्योंही वह उप–नियम (6) के उपबन्धों के

अध्यधीन रहते हुए, ऐसे वरिष्ठतम व्यक्तियों की सही एवं पूर्ण सूची तैयार करेगा जो वरिष्ठता–एवं–योग्यता के आधार पर पदोन्नति के लिए इन नियमों के अधीन पात्र और अर्हित हैं।

(2) सुसंगत अनुसूची के पद जिससे पदोन्नति की जानी है, से संबंधित सुसंगत स्तम्भ में प्रगणित व्यक्ति उनके सामने स्तम्भ 2 विनिर्दिष्ट पदों पर, चयन वर्ष के अप्रैल मास के प्रथम दिन को पदोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हता और अनुभव से संबंधित सुसंगत स्तम्भ में यथाविनिर्दिष्ट न्यूनतम अर्हताएं और अनुभव रखने के अध्यधीन रहते हुए, स्तम्भ 3 में उपदर्शित सीमा तक पदोन्नति के लिए पात्र होंगे।

(3) किसी भी व्यक्ति की सेवा में प्रथम पदोन्नति के लिए तब तक विचार नहीं किया जायेगा जब तक कि वह उस पद पर, जिससे इन नियमों के उपबंधों के अधीन विहित भर्ती की किसी एक रीति के अनुसार पदोन्नति की जानी हो, नियमित रूप से चयनित न हुआ हो।

स्पष्टीकरण :– यदि किसी वर्ष–विशेष में किसी पद पर सीधी भर्ती, पदोन्नति द्वारा नियमित चयन से पूर्व कर ली गयी हो तो ऐसे व्यक्तियों के बारे में भी जो भर्ती की दोनों रीतियों से उस पद पर नियुक्ति के पात्र हैं या थे और जिन्हें प्रथमतः सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त गया था, पदोन्नति के लिए विचार किया जायेगा।

(4) ऐसे किसी भी व्यक्ति की पदोन्नति पर उस तारीख से, जिसको उसकी पदोन्नति देय हो जाती है, पांच भर्ती वर्षों तक विचार नहीं किया जायेगा, यदि उसके 1 जून, 2002 को या उसके पश्चात् दो से अधिक संतानें हों :

परन्तु –

(i) दो से अधिक संतानों वाले व्यक्ति पदोन्नति के लिए तब तक निरर्हित नहीं समझे जायेंगे जब तक कि उनकी संतानों की उस संख्या में, जो 1 जून, 2002 को है, बढ़ोतरी नहीं होती है।

(ii) जहां किसी सरकारी कर्मचारी के पूर्वतर प्रसव से एक ही संतान है, किन्तु पश्चात्वर्ती किसी एकल प्रसव से एक से अधिक संतानें पैदा हो जाती हैं वहां संतानों की कुल संख्या की गणना करते समय इस प्रकार पैदा हुई संतानों को एक इकाई समझा जायेगा।

(5) सेवा में सम्मिलित पद पर पदोन्नति के लिए चयन वरिष्ठता–एवं–योग्यता के आधार पर किया जायेगा।

(6) पदोन्नति के लिए पात्र व्यक्तियों के संबंध में विचार की संख्या–सीमा निम्नलिखित होगी :–

(i) रिक्तियों की संख्या	विचार किये जाने वाले पात्र व्यक्तियों की संख्या
(क) एक रिक्ति के लिए	पांच पात्र व्यक्ति
(ख) दो रिक्तियों के लिए	आठ पात्र व्यक्ति
(ग) तीन रिक्तियों के लिए	दस पात्र व्यक्ति
(घ) चार या अधिक रिक्तियों के लिए	रिक्तियों की संख्या का तीन गुना।

(ii) जहां उच्चतर पद पर पदोन्नति के लिए पात्र व्यक्तियों की संख्या ऊपर विनिर्दिष्ट संख्या से कम हो वहां इस प्रकार पात्र समस्त व्यक्तियों के बारे में विचार किया जायेगा।

(iii) जहां अनुसूचित जाति या, यथास्थिति, अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी पर्याप्त संख्या में ऊपर विनिर्दिष्ट विचार की संख्या–सीमा के भीतर उपलब्ध नहीं हों वहां विचार की संख्या–सीमा रिक्तियों की संख्या के सात गुने तक बढ़ायी जा सकेगी और इस प्रकार बढ़ायी गयी विचार की संख्या–सीमा के भीतर आने वाले अनुसूचित जाति या, यथास्थिति, अनुसूचित जनजाति (कोई अन्य नहीं) के अभ्यर्थियों के बारे में उनके लिए आरक्षित रिक्तियों के प्रति भी विचार किया जायेगा।

(7) इस नियम में अभिव्यक्त रूप से अन्यथा उपबंधित के सिवाय, पदोन्नति के लिए पात्रता की शर्तें, पदोन्नति समिति का गठन और चयन के लिए प्रकिया वही होगी जो इन नियमों में अन्यत्र विहित है।

(8) पदोन्नति समिति, ऐसे समस्त वरिष्ठतम व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी जो इन नियमों के अधीन संबंधित पद (पदों) के वर्ग में पदोन्नति के लिए पात्र और अर्हित हैं और पदोन्नति के लिए उपयुक्त पाये गये व्यक्तियों के नाम अन्तर्विष्ट करते हुए इन नियमों के अधीन अवधारित रिक्तियों की संख्या के बराबर नामों की एक सूची तैयार करेगी। इस प्रकार तैयार की गयी सूची उस पद के प्रवर्ग के वरिष्ठता क्रम में रखी जायेगी जिससे चयन किया गया है।

(9) पदोन्नति समिति, वरिष्ठता एवं योग्यता के आधार पर सूची भी तैयार कर सकेगी जिसमें अस्थायी या स्थायी रिक्तियों को, जो बाद में हों, भरने के लिए ऊपर उप–नियम (8) के अधीन तैयार की गयी सूची में चयनित व्यक्तियों की संख्या से अनधिक व्यक्तियों के नाम होंगे। इस प्रकार तैयार की गयी सूची उस पद के प्रवर्ग में के, जिसमें से चयन किया जायेगा, वरिष्ठता क्रम में रखी जायेगी। ऐसी सूची को ऐसी समिति द्वारा पुनर्विलोकित और पुनरीक्षित किया जायेगा जिसकी बैठक पश्चात्वर्ती वर्ष में हो और ऐसी सूची ऐसे वर्ष के अंतिम दिन तक प्रवृत्त रहेगी जिसके लिए पदोन्नति समिति की बैठक की जाये।

(10) उप–नियम (8) और (9) के अधीन तैयार की गयी सूचियां, उनमें सम्मिलित समस्त अभ्यर्थियों के और ऐसे अन्य अभ्यर्थियों के, जिनका चयन नहीं किया गया हो, यदि कोई हों, वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदनों/वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदनों और अन्य सेवा अभिलेखों के साथ, नियुक्ति प्राधिकारी को भेजी जायेंगी।

(11) इन नियमों के प्रख्यापन के पश्चात्, यदि किसी पश्चात्वर्ती वर्ष में, किसी पूर्ववर्ती वर्ष से संबंधित रिक्तियां, जिन्हें पदोन्नति द्वारा भरा जाना अपेक्षित था, इन नियमों के अधीन अवधारित की जाती हैं तो पदोन्नति समिति उस वर्ष, जिसमें पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित की जाती है, का विचार किये बिना ऐसे समस्त व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी जो उस वर्ष में, जिससे रिक्तियां संबंधित हैं, पात्र होते और ऐसी पदोन्नति उस वर्ष–विशेष में, जिससे ऐसी रिक्तियां संबंधित हैं, पदोन्नति के लिए लागू कसौटी और प्रक्रिया द्वारा विनियमित होंगी और इस प्रकार पदोन्नत किये गये किसी पदधारी की ऐसी

कालावधि की सेवा/अनुभव को, जिसके दौरान उसने ऐसे पद के कर्तव्यों का वास्तव में पालन नहीं किया है, जिस पर उसे पदोन्नत किया गया होता, उच्चतर पद पर पदोन्नति के लिए गिना जायेगा। इस प्रकार पदोन्नत किये गये व्यक्ति का वेतन ऐसे वेतन पर पुनर्निर्धारित किया जायेगा जो वह अपनी पदोन्नति के समय प्राप्त कर रहा होता, किन्तु वेतन का कोई भी बकाया उसे अनुज्ञात नहीं किया जायेगा।

(12) सरकार या नियुक्ति प्राधिकारी, अभिलेख को देखने से ही प्रकट किसी भूल या गलती के कारण या पदोन्नति समिति के विनिश्चय को सारवान् रूप से प्रभावित करने वाली किसी तथ्यात्मक गलती के कारण या किन्हीं भी अन्य पर्याप्त कारणों से उदाहरणार्थ वरिष्ठता में परिवर्तन, रिक्तियों का गलत अवधारण, किसी भी न्यायालय या अधिकरण का निर्णय/निर्देश या जहां किसी व्यक्ति के गोपनीय प्रतिवेदन में की प्रतिकूल प्रविष्टियों को निकाल दिया गया है या उसमें परिवर्तन कर दिया गया है, या उसे दिया गया दण्ड अपास्त या कम कर दिया गया है, पूर्व में हुई पदोन्नति समिति की कार्यवाहियों के पुनर्विलोकन के लिए आदेश दे सकेगा। पुनर्विलोकन पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित किये जाने के पूर्व कार्मिक विभाग की और (जहां आयोग सहबद्ध हो) आयोग की सहमति सदैव प्राप्त की जायेगी।

(13) पदोन्नति समिति द्वारा तैयार की गयी सूचियां नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा ऐसे समस्त व्यक्तियों की, जिनके नामों पर पदोन्नति समिति द्वारा विचार किया गया है, वैयक्तिक पत्रावलियों और वार्षिक गोपनीय पंजियों/वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदनों सहित, आयोग को अग्रेषित की जायेंगी।

(14) आयोग, पदोन्नति समिति द्वारा तैयार की गयी सूचियों, साथ ही नियुक्ति प्राधिकारी से प्राप्त अन्य सुसंगत दस्तावेजों पर विचार करेगा और जब तक उसमें किसी प्रकार का परिवर्तन करना आवश्यक न समझा जाये, सूचियों का अनुमोदन करेगा। यदि आयोग नियुक्ति प्राधिकारी से प्राप्त सूचियों में कोई परिवर्तन करना आवश्यक समझे तो वह अपने द्वारा प्रस्तावित परिवर्तनों की सूचना नियुक्ति प्राधिकारी को देगा। आयोग की टिप्पणियों पर, यदि कोई हों, विचार करने के पश्चात् नियुक्ति प्राधिकारी उन सूचियों का ऐसे उपान्तरणों सहित, जो उसकी राय में न्यायसंगत एवं उचित प्रतीत हों, अंतिम रूप से अनुमोदन कर सकेगा और जब नियुक्ति प्राधिकारी सरकार का कोई अधीनस्थ प्राधिकारी हो तो आयोग द्वारा अनुमोदित सूचियों में हेरफेर सरकार के अनुमोदन से ही किया जायेगा।

(15) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नियुक्तियां पूर्ववर्ती उप-नियम (14) के अधीन अंतिम रूप से अनुमोदित सूचियों में सम्मिलित किये गये व्यक्तियों में से उसी क्रम में की जायेंगी जिस क्रम में उनके नाम सूचियों में रखे गये हैं, जब तक कि ऐसी सूचियां निःशेष या पुनर्विलोकित और पुनरीक्षित न हो जायें या, यथास्थिति, प्रवृत्त न रह जायें।

(16) सरकार, ऐसे व्यक्तियों की पदोन्नतियों, नियुक्तियों या अन्य आनुषंगिक मामलों में साम्यापूर्ण और उचित रीति से अनंतिम तौर पर संव्यवहार करने के लिए अनुदेश जारी कर सकेगी जो उस समय निलम्बनाधीन हों या जिनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही चल रही हो, जब किसी ऐसे पद पर की पदोन्नतियों पर विचार किया जाये जिसके लिए वे पात्र हैं या ऐसे निलंबन या जांच या कार्यवाही के लम्बित रहने के सिवाय पात्र होते।

(17) इन नियमों के किसी भी उपबंध में अंतर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी इस नियम के उपबंध प्रभावी होंगे।

(18) पदोन्नतियां छोड़ देने वाले व्यक्तियों की पदोन्नति पर निर्बंधन। यदि कोई व्यक्ति अगले उच्चतर पद पर अर्जेण्ट अस्थायी नियुक्ति के आधार पर या विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिश पर नियमित आधार पर पदोन्नति द्वारा नियुक्त होने पर अपने लिखित अनुरोध द्वारा ऐसी नियुक्ति छोड़ देता है, और यदि संबंधित विभाग/कार्यालय उसके अनुरोध को स्वीकार कर लेता है तो संबंधित व्यक्ति को, पश्चात्वर्ती दो भर्ती वर्षों के लिए, जिनके लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक होती है, पदोन्नति हेतु (अर्जेण्ट अस्थायी नियुक्ति के आधार पर या नियमित आधार पर दोनों ही मामलों में) विचार करने के लिए विवर्जित किया जायेगा और ऐसे व्यक्ति का नाम, जो पदोन्नति छोड़ देता है, पश्चात्वर्ती दो भर्ती वर्षों की विभागीय पदोन्नति समिति के समक्ष रखी जाने वाली वरिष्ठता-एवं-पात्रता सूची में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

भाग 7
वरिष्ठ पद पर नियुक्ति

36. वरिष्ठ पद पर नियुक्ति .- वरिष्ठ पद पर नियुक्ति सरकार द्वारा नियम 35 के अनुसार वरिष्ठता-एवं-योग्यता के आधार पर सेवा के सदस्यों में से की जायेगी :

परन्तु यदि सरकार का, आयोग के साथ परामर्श करके, जहां आवश्यक हो, यह समाधान हो जाये कि किन्हीं वरिष्ठ पदों पर पदोन्नति के लिए सेवा में कोई उपयुक्त अधिकारी उपलब्ध नहीं है तो सरकार, राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा से स्थानांतरण द्वारा या भारत सरकार या किन्हीं अन्य राज्य सरकारों से प्रतिनियुक्ति द्वारा किसी अधिकारी को नियुक्त कर सकेगी।

37. अर्जेण्ट अस्थायी नियुक्ति .- (1) सेवा में की ऐसी रिक्ति को, जिसे इन नियमों के अधीन प्रारम्भिक भर्ती या सीधी भर्ती या पदोन्नति द्वारा तुरन्त नहीं भरा जा सकता हो, सरकार या, यथास्थिति, नियुक्ति करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा उस पद पर किसी ऐसे अधिकारी को, जो उस पद पर पदोन्नति द्वारा नियुक्ति का पात्र हो, स्थानापन्न हैसियत से नियुक्त करके या ऐसे किसी व्यक्ति को, जो सेवा में सीधी भर्ती के लिए पात्र हो, जहां ऐसी सीधी भर्ती इन नियमों के उपबन्धों के अधीन उपबंधित हो, अस्थायी रूप से नियुक्त करके, भरा जा सकेगा :

परन्तु ऐसी कोई नियुक्ति आयोग को उसकी सहमति के लिए, जहां ऐसी सहमति आवश्यक हो, निर्देशित किये बिना एक वर्ष से अधिक की कालावधि के लिए चालू नहीं रखी जायेगी और आयोग द्वारा सहमति देने से इनकार करने पर तुरन्त समाप्त कर दी जायेगी।

(2) पदोन्नति के लिए पात्रता की अपेक्षाएं पूरी करने वाले उपयुक्त व्यक्तियों के उपलब्ध न होने की दशा में, सरकार उपर्युक्त उप-नियम (1) के अधीन पदोन्नति के लिए अपेक्षित पात्रता की शर्तें होने पर भी,

वेतन और अन्य भत्तों के बारे में ऐसी शर्तों तथा निर्बन्धनों के अध्यधीन रहते हुए, जो वह निदिष्ट करे, अर्जेण्ट अस्थायी आधार पर रिक्तियां भरने की अनुज्ञा प्रदान करने के लिए सामान्य अनुदेश अधिकथित कर सकेगी। तथापि, ऐसी नियुक्तियां, उक्त उप-नियम के अधीन यथा-अपेक्षित, आयोग की सहमति के अध्यधीन होंगी।

38. वरिष्ठता .- सेवा में के संवर्ग में सम्मिलित पद पर नियुक्त व्यक्तियों की वरिष्ठता, इन नियमों के उपबंधों के अनुसार नियमित चयन के पश्चात् पद पर नियुक्ति की तारीख से अवधारित की जायेगी। तदर्थ या अर्जेण्ट अस्थायी आधार पर नियुक्ति, नियमित चयन के पश्चात् की नियुक्ति नहीं समझी जायेगी :

परन्तु -

(1) किसी प्रवर्ग-विशेष में के पदों पर सीधी भर्ती द्वारा एक ही चयन के आधार पर नियुक्त व्यक्तियों की पारस्परिक वरिष्ठता, ऐसे व्यक्तियों को छोड़कर जिनसे रिक्ति पर नियुक्ति का प्रस्ताव किया गया हो किन्तु जिन्होंने आदेश जारी करने की तारीख से छह सप्ताह की कालावधि के भीतर, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा कालावधि बढ़ायी न गयी हो, सेवा ग्रहण न की हो, उसी क्रम में रहेगी, जिस क्रम में उन्हें, आयोग/समिति द्वारा नियम 25 और 31 के अधीन तैयार की गयी सूची में रखा गया है ;

(2) चयन के, जो पुनर्विलोकन और पुनरीक्षण के अध्यधीन न हो, परिणामस्वरूप चयनित और नियुक्त व्यक्ति उन व्यक्तियों से वरिष्ठ होंगे जो पश्चात्वर्ती चयन के परिणामस्वरूप चयनित तथा नियुक्त किये गये हैं ;

(3) ग्रामीण कनिष्ठ विशेषज्ञ या ग्रामीण वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदोन्नत व्यक्तियों की भावी पारस्परिक वरिष्ठता राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा नियम, 1963 के उपबंध के अधीन अवधारित की जायेगी।

39. परिवीक्षा की कालावधि .- (1) किसी स्पष्ट रिक्ति के प्रति सीधी भर्ती या प्रारम्भिक भर्ती द्वारा सेवा में प्रवेश करने वाले व्यक्ति को दो वर्ष की कालावधि के लिए परिवीक्षाधीन - प्रशिक्षणार्थी के रूप में रखा जायेगा :

परन्तु ऐसी नियुक्ति के पश्चात् की वह कालावधि, जिसमें किसी व्यक्ति को तत्समान या उच्चतर पद पर प्रतिनियुक्ति पर रखा गया हो, परिवीक्षाकाल में गिनी जायेगी।

(2) उप-नियम (1) में विनिर्दिष्ट परिवीक्षा की कालावधि के दौरान प्रत्येक परिवीक्षाधीन-प्रशिक्षणार्थी से ऐसी विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करने और ऐसा प्रशिक्षण प्राप्त करने की, जो सरकार समय-समय पर विनिर्दिष्ट करे, अपेक्षा की जा सकेगी।

(ग) नियमित भर्ती के पश्चात् स्थानान्तरण द्वारा नियुक्ति, जहां सेवा नियम इसके लिए विनिर्दिष्ट रूप से अनुज्ञात करते हों ;

(घ) ऐसे व्यक्ति, जिन्हें नियमों के अधीन किसी पद पर अधिष्ठायी नियुक्ति के लिए पात्र बनाया गया हो, नियमित रूप से भर्ती किये हुए समझे जायेंगे :

परन्तु इसमें ऐसी अर्जेण्ट अस्थायी नियुक्ति या स्थानापन्न पदोन्नति सम्मिलित नहीं होगी जो पुनर्विलोकन तथा पुनरीक्षण के अध्यधीन हो।

(ii) किसी अन्य संवर्ग में धारणाधिकार रखने वाले व्यक्ति इस नियम के अधीन स्थायीकरण किये जाने के पात्र होंगे और वे इस विकल्प का प्रयोग करने के भी पात्र होंगे कि वे अपनी अस्थायी नियुक्ति के दो वर्ष समाप्त होने पर इस नियम के अधीन स्थायीकरण नहीं चाहते। इसके प्रतिकूल कोई भी विकल्प प्राप्त न होने पर यह समझा जायेगा कि उन्होंने इस नियम के अधीन स्थायीकरण के पक्ष में अपना विकल्प दे दिया है और पूर्व पद पर उनका धारणाधिकार समाप्त हो जायेगा।

41. परिवीक्षा के दौरान असंतोषप्रद प्रगति .– (1) यदि नियुक्ति प्राधिकारी को परिवीक्षा की कालावधि के दौरान या उसकी समाप्ति पर, किसी भी समय, यह प्रतीत हो कि सेवा के किसी सदस्य ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है या वह संतोष प्रदान करने में विफल रहा है तो नियुक्ति प्राधिकारी उसे, नियुक्ति से ठीक पूर्व उसके द्वारा अधिष्ठायी रूप से धारित पद पर प्रतिवर्तित कर सकेगा बशर्ते उस पद पर उसका धारणाधिकार हो या अन्य मामलों में उसे सेवोन्मुक्त कर सकेगा या उसकी सेवा समाप्त कर सकेगा :

परन्तु –

(i) नियुक्ति प्राधिकारी, किसी भी मामले में या मामलों के किसी वर्ग में, यदि उचित समझे तो सेवा के किसी सदस्य के परिवीक्षाकाल को ऐसी विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए बढ़ा सकेगा जो सेवा के किसी पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त व्यक्तियों के मामले में दो वर्ष से अनधिक और ऐसे पद पर पदोन्नति/विशेष चयन द्वारा नियुक्त व्यक्तियों के मामले में एक वर्ष से अनधिक हो सकेगी ;

(ii) नियुक्ति प्राधिकारी, अनुसूचित जाति या, यथास्थिति, अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों के मामले में, यदि उचित समझे, परिवीक्षाकाल एक बार में एक वर्ष से अनधिक की कालावधि तक और कुल मिलाकर तीन वर्ष से अनधिक की कालावधि तक बढ़ा सकेगा।

(2) उपर्युक्त परन्तुक में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षाकाल के दौरान निलम्बनाधीन रखा जाये, या उसके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जानी अनुध्यात हो या प्रारम्भ कर दी गयी हो तो उसका परिवीक्षाकाल ऐसी कालावधि तक बढ़ाया जा सकेगा जो नियुक्ति प्राधिकारी उन परिस्थितियों में उचित समझे।

(3) परिवीक्षाकाल के दौरान या उसकी समाप्ति पर उप-नियम (1) के अधीन प्रतिवर्तित या सेवोन्मुक्त परिवीक्षाधीन व्यक्ति किसी प्रकार का प्रतिकर पाने का हकदार नहीं होगा।

42. स्थायीकरण .– (1) किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को उसके परिवीक्षाकाल की समाप्ति पर नियुक्ति में स्थायी कर दिया जायेगा, यदि –

(क) उसने विभागीय परीक्षा, यदि कोई हो, पूर्ण रूप से उत्तीर्ण कर ली हो ;

(ख) उसने हिन्दी में प्रवीणता संबंधी विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो ; और

(ग) सरकार का यह समाधान हो जाये कि उसकी सत्यनिष्ठा शंकास्पद नहीं है और यह कि वह स्थायीकरण के लिए अन्यथा उपयुक्त है।

(2) उप-नियम (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को, यदि नियमों में अधिकथित परिवीक्षाकाल के दौरान, विहित विभागीय परीक्षा/ प्रशिक्षण/ हिन्दी में प्रवीणता परीक्षा, यदि कोई हो, का आयोजन न किया गया हो, उसके परिवीक्षाकाल की समाप्ति पर नियुक्ति में स्थायी कर दिया जायेगा बशर्ते कि वह स्थायीकरण के लिए अन्यथा उपयुक्त हो।

भाग 8

वेतन

43. परिवीक्षा के दौरान वेतन .– सीधी भर्ती द्वारा या प्रारम्भिक भर्ती द्वारा सेवा में नियुक्त किसी परिवीक्षाधीन–प्रशिक्षणार्थी को, परिवीक्षाकाल के दौरान ऐसी दर से मासिक नियत पारिश्रमिक संदत्त किया जायेगा जो सरकार द्वारा समय–समय पर नियत किया जाये।

44. वेतन, छुट्टी, भत्ते, अंशदायी पेंशन आदि का विनियमन .– इन नियमों में यथा–उपबंधित के सिवाय, सेवा के किसी सदस्य का वेतन, भत्ते, अंशदायी पेंशन, छुट्टी और सेवा की अन्य शर्तें निम्नलिखित द्वारा विनियमित होंगी :–

1. राजस्थान सेवा नियम, 1951, खण्ड–1 भाग–क, समय–समय पर यथा–संशोधित ;
2. राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1958, समय–समय पर यथा–संशोधित ;
3. राजस्थान यात्रा भत्ता नियम, 1971, समय–समय पर यथा–संशोधित ;
4. राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतनमान) नियम, 1998, समय–समय पर यथा–संशोधित ;
5. राजस्थान सिविल सेवा (अंशदायी पेंशन) नियम, 2005, समय–समय पर यथा–संशोधित ;
6. राजस्थान सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1971, समय–समय पर यथा–संशोधित ;
7. भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक के अधीन समुचित प्राधिकारी द्वारा बनाये गये और तत्समय प्रवृत्त कोई भी अन्य नियम जो सेवा की सामान्य शर्तें विहित करते हों।

45. शंकाओं का निराकरण .– यदि इन नियमों के लागू होने और व्याप्ति के बारे में कोई शंका उत्पन्न हो तो मामला सरकार के कार्मिक विभाग को निर्दिष्ट किया जायेगा जिसका विनिश्चय उस पर अंतिम होगा।

46. नियमों के शिथिलीकरण की शक्ति .– अपवाद सापेक्ष मामलों में जहां सरकार के प्रशासनिक विभाग का यह समाधान हो जाये कि भर्ती के लिए आयु के बारे में या अनुभव की आवश्यकता के संबंध में किसी विशिष्ट मामले में नियमों के प्रवर्तन से अनावश्यक कठिनाई होती है या जहां सरकार की यह राय हो कि किसी व्यक्ति की आयु या अनुभव के संबंध में इन नियमों के किन्हीं उपबंधों को शिथिल करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग की सहमति से, आदेश प्रसारित करके इन नियमों के सुसंगत उपबंधों से, ऐसी सीमा तक और ऐसी शर्तों के अध्यधीन रहते हुए, जो किसी मामले को न्यायोचित एवं साम्यापूर्ण रीति से निपटाने के लिए आवश्यक माने जायें, अभिमुक्त या शिथिल कर सकेगी, परन्तु ऐसा शिथिलीकरण इन नियमों में पूर्व में अन्तर्विष्ट उपबंधों से कम अनुकूल नहीं होगा। शिथिलीकरण के ऐसे मामले प्रशासनिक विभाग द्वारा राजस्थान लोक सेवा आयोग को निर्दिष्ट किये जायेंगे :

परन्तु इस नियम के अधीन विहित सेवा की कालावधि या अनुभव में शिथिलीकरण विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित होने के पूर्व किसी पद पर पदोन्नति के लिए विहित सेवा या अनुभव की केवल एक तिहाई कालावधि की सीमा तक ही मंजूर किया जायेगा।

Advertisement For Direct Recruitment as Probodhak 2008-09

कार्यालय, निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक-प्रबोधक/सीधी भर्ती/28-29/08 **विज्ञप्ति** दिनांक: 31.5.08

राजस्थान पंचायतीराज प्रबोधक सेवा नियम, 2008 के अंतर्गत जिला स्तर पर नियमानुसार गठित समिति द्वारा प्रबोधक पद हेतु सीधी भर्ती की जानी है, जिसका जिलेवार विवरण निम्न तालिका में दर्शाया गया है। इच्छुक आशार्थी संबंधित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी तथा समिति के सदस्य सचिव द्वारा इस हेतु विज्ञापन जारी विज्ञापन के क्रम में, उन्हें निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकेंगे।

क्र.सं.	जिला	पद	क्र.सं.	जिला	पद	क्र.सं.	जिला	पद
1	चूरू	286	12	भीलवाड़ा	835	23	बाड़मेर	1412
2	झुंझुनूं	498	13	नागौर	1154	24	पाली	496
3	बीकानेर	481	14	टोंक	720	25	जैसलमेर	317
4	गंगानगर	647	15	कोटा	314	26	जालोर	999
5	हनुमानगढ़	387	16	बूंदी	403	27	सिरोही	329
6	भरतपुर	511	17	झालावाड़	360	28	बारां	435
7	स. माधोपुर	277	18	जयपुर	962	29	उदयपुर	876
8	धौलपुर	364	19	दौसा	518	30	बांसवाड़ा	789
9	करौली	567	20	अलवर	1135	31	चित्तौड़	661
10.	राजसमंद	468	21	सीकर	782	32	डूंगरपुर	407
11	अजमेर	410	22	जोधपुर	1260	योग		20060

नोट-पदों की संख्या में कमी/वृद्धि की जा सकती है।

शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव	सीनियर सैकण्डरी स्कूल प्रमाण पत्र/इंटरमिडियेट अथवा समकक्ष तथा अध्यापक प्रशिक्षण में दो वर्ष से अन्यून कालावधि का डिप्लोमा या प्रमाण पत्र अथवा प्रारंभिक शिक्षा स्नातक (बी.ई.एल.ईडी) अथवा स्नातक तथा शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष साथ में:- किसी भी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान या परियोजना में बिना किसी खण्डता के कम से कम 5 वर्ष का निरन्तर अध्यापन अनुभव होना चाहिए। यह अनुभव प्रमाण पत्र संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी से प्रति हस्ताक्षरित होना चाहिए।

नोट: 1. सीनियर सैकण्डरी/हायर सैकण्डरी (व्यावसायिक शिक्षा) प्रमाण पत्र, ब्रिजकोर्स के साथ ही सीनियर सैकण्डरी अकादमिक के समकक्ष माना जाएगा।
2. एनटीटी अथवा पूर्व प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त आशार्थियों का चयन होने पर उन्हें बीएसटीसी/ बीएड अथवा ब्रिज कोर्स करने तक रुपए 2750/- प्रतिमाह पारिश्रमिक पर रखा जा सकेगा, उनकी नियमित सेवाएं ब्रिजकोर्स उत्तीर्ण करने से ही मानी जाएगी।
3. आवेदक द्वारा आवेदन करने की अंतिम तिथि तक समस्त अर्हताएं प्राप्त कर लेनी चाहिए।
4. पंचायतीराज प्रबोधक सेवा नियम, 2008 के अनुसार शैक्षिक परियोजना का पर्यवेक्षण अनुभव भी अध्यापन अनुभव माना जाएगा।

वेतन भत्ते:-नियत पारिश्रमिक 4450/- रुपए प्रतिमाह देय होगा। दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि संतोषजनक रूप से पूर्ण करने पर उन्हें वेतन शृंखला 4500-7000 एवं नियमानुसार अनुज्ञेय अन्य भत्ते।

आयु:-1. 1.1.09 को न्यूनतम आयु 23 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष होगी तथा अजा/ अजजा/ अपिव वर्ग के आशार्थी को 5 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा में छूट देय होगी। इन वर्ग की महिलाओं को अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट देय होगी। भूतपूर्व सैनिक के मामले में, अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष होगी। विधवा अभ्यर्थियों के लिए सेवा की अधिकतम आयु तक ऊपरी आयु सीमा नहीं होगी।
2. राज्य के शैक्षणिक परियोजना अर्थात राजीवगांधी पाठशाला/ शिक्षाकर्मी योजना/ लोकजुम्बिश परियोजना/ सर्वशिक्षा अभियान/डीपीईपी के अधीन सेवारत व्यक्तियों को, यदि वे प्रारंभिक नियुक्ति के समय आयु सीमा में थे, आयु सीमा में समझा जाएगा, चाहे उन्होंने इस भर्ती के समय आयु सीमा पार कर ली हो।

आरक्षण-1. नियमानुसार राज्य के अजा/अजजा/अपिव तथा जनजाति उपयोजना क्षेत्र के निवासियों, विकलांगों एवं भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण देय होगा।
2. अजा/अजजा तथा अपिव के आरक्षण का लाभ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र (आशार्थी के पिता के नाम सहित) एवं अपिव के आशार्थी के प्रमाण पत्र में क्रिमीलेयर का उल्लेख होने पर ही आरक्षण का लाभ देय होगा।
3. महिला अभ्यर्थियों के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण देय होगा, जिसमें से 5 प्रतिशत रिक्तियां विधवा महिलाओं हेतु आरक्षित रहेगी। पात्र एवं योग्य विधवा महिलाएं उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में, ये पद महिला अभ्यर्थियों से भरे जाएंगे और महिला अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो ये पद पुरुष अभ्यर्थियों से भरे जाएंगे। महिला आरक्षण क्षैतिज (Horizontal) रूप से प्रवर्ग अनुसार (केटेगरीनाईज) रहेगा। महिला अभ्यर्थियों का आरक्षण उस संबंधित वर्ग से जिसकी वह महिला अभ्यर्थी है, से समायोजित किया जाएगा।

आवेदन शुल्क:- सामान्य अभ्यर्थी के लिए आवेदन पत्र के साथ आवेदन शुल्क, रुपये 100/- का तथा अजा/अजजा/अपिव/ महिला एवं निःशक्तजनों को रुपये 50/- का भारतीय पोस्टलआर्डर/ डिमांड ड्राफ्ट संलग्न करना होगा। आवेदन विज्ञप्ति में दर्शाये प्रारूप के अनुसार होगा। यह प्रारूप शिक्षा विभाग की वेबसाइट में भी उपलब्ध होगा।

आवेदन करने की प्रक्रिया:-
1. विज्ञप्ति के साथ प्रकाशित आवेदन पत्र को कम्प्यूटराइज अथवा स्पष्ट रूप से सफेद कागज पर टंकित कराते हुए निर्धारित तिथि तक संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारं.शिक्षा) कार्यालय में जमा कराना/ डाक से भेजना होगा। आवेदन के साथ विज्ञप्ति में उपर्युक्तानुसार शुल्क का भारतीय पोस्टल आर्डर/ डिमांड ड्राफ्ट पर ''प्रबोधक आवेदन हेतु'' लिखते हुए उसे ''संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा) के नाम से देय'' करते हुए जिला मुख्यालय पर देय करते हुए जिला मुख्यालय पर देय का उल्लेख करना होगा।
2. प्रमाण पत्रों की प्रमाणित स्वहस्ताक्षरित छाया प्रतियां आवेदन के साथ संलग्न करनी होगी।
3. आवेदन के साथ अपने नाम लिखे एवं टिकट लगे दो लिफाफे संलग्न करने होंगे।
4. आवेदन के साथ चरित्र प्रमाण पत्र, जो किन्हीं दो राजपत्रित अधिकारियों द्वारा छह माह की अवधि में जारी हो लगाने आवश्यक होंगे।
5. शुल्क में छूट तथा आरक्षण के लाभ के लिए (अपने पिता के नाम के सहित) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
6. विधवा महिलाओं को पति की मृत्यु का सक्षम स्तर से जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।
7. समस्त दस्तावेजों के सही होने तथा पात्रता संबंधी सत्यता का शपथ पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा।
8. आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाइट www.rajshikska.gov.in पर भी उपलब्ध है।

आवेदन की अंतिम तिथि:- उपर्युक्त दस्तावेजों के साथ आवेदन 20 जून 2008सायं 5 बजे तक संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पहुंचने पर ही चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जा सकेगा।

नोट: प्रत्येक जिले के पदों का वर्गवार विवरण हेतु जिले के जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी होने वाली विज्ञप्ति को देखें।

निदेशक, प्रारंभिक राजस्थान, बीकानेर

पंचायतीराज विभाग
प्रबोधक पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

केवल कार्यालय उपयोग हेतु
आवेदन पत्र प्राप्ति की दिनांक ....
संलग्न दस्तावेजों की संख्या ....
प्राप्ति रजिस्टर में दर्ज संख्या ....
कार्यालय प्रभारी के हस्ताक्षर ....

पासपोर्ट साईज का नवीनतम फोटो जिस पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर हो, यहां लगावें

1. पूरा नाम .... 2. पिता/ पति का नाम..........
3. पत्र व्यवहार का पता ....
4. स्थाई पता ....
5. जन्मतिथि (अ) अंकों में
(सैकण्डरी का प्रमाण पत्र संलग्न करें। संलग्नक-)
(ब) शब्दों में ....
6. 1.01.2009 को आयु वर्ष......... माह........ दिवस..............
जहां लागू हो सही (✓) का चिन्ह कर देवें।
7. लिंग पुरुष ☐ महिला ☐
9. वैवाहिक स्थिति- विवाहित/ अविवाहित/ विधवा/ परित्यक्ता (सलंग्नक-)
यदि विवाहित है तो
(क) पति/ पत्नी का नाम ....
(ब) संतानों के नाम एवं 1-............
2-..............
3-....................
4-....................
10. राजस्थान का मूल निवासी है/ नहीं है। यदि हाँ तो प्रमाण पत्र संलग्न
11. गृह जिला -......................
12. राज्य के अजा/ अजजा/ अपिव/ टीएसपी क्षेत्र से है तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें
13. शैक्षिक एवं शैक्षणिक अहर्ताओं का विवरण

क्र. सं.	परीक्षा का नाम	बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम	विद्यालय/ महाविद्यालय का नाम	सत्र	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्राप्तांक प्रतिशत में
1.	सैकण्डरी						
2.	हायर सैकण्डरी/ सीनियर सैकण्डरी						
3.	बीएड/बीएसटीसी						
4.	अन्य कोई योग्यता						

14. अनुभव:-

क्र. सं.	नियोजक/ नियोजक संस्था का पूरा नाम एवं पूर्ण पता	पद जिस पर कार्य किया	अवधि कब से... कब तक....	मानेदय / वेतन	प्राप्त कुल मासिक परिलब्धियां

नियोजक द्वारा हस्ताक्षरित अनुभव प्रमाण पत्र (संलग्न करें)
15. शुल्क -रुपए.........का पोस्टल आर्डर/ डिमांड ड्राफ्ट संख्या .... दिनांक...........
(संलग्नक-)
16. अभ्यर्थी द्वारा घोषणा:-
(1) मैं प्रमाणित करता हूं/ करती हूं कि आवेदन में दिया गया विवरण व अभिलेख पूर्णतया सही है, कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है और न ही अन्यथा उल्लेखित किया गया है। विवरण असत्य पाये जाने पर विभाग द्वारा मेरा आवेदन/ नियुक्ति किसी भी स्तर पर रद्द किया जा सकता है। कोई भी सूचना जाली, कूटरचित, अमान्य अथवा गलत होने पर, मैं व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार रहूंगा/ रहूंगी तथा दोषी पाये जाने पर में सजा का हकदार रहूंगा/ रहूंगी एवं सेवा बर्खास्तगी का पात्र रहूंगा/ रहूंगी।
(2) मैं प्रमाणित करता हूं कि मेरे विरुद्ध किसी भी न्यायालय अथवा पुलिस में कोई भी अपराधिक मामला लम्बित या दायर नहीं है साथा ही किसी भी मामले में मुझे दण्ड नहीं मिला है और न ही मेरे विरुद्ध निर्णय हुआ है।
(3) मैं यह भी स्वीकार करता हूं/ करती हूं कि विज्ञापन में उल्लेखित योग्यताएं एवु अनुभव के आधार पर मैं नियुक्ति अथवा साक्षात्कार का अधिकारी नहीं हो जाता हूं/ जाती हूं।

दिनांक..........
स्थान.........
कुल संलग्नक............ डीआईपीआर/सी/5120/2008 **आवेदन के हस्ताक्षर**

कार्यालय अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा) बांसवाड़ा

क्रमांक: प्रबोधक/सिधी भर्ती/सस्था-1/08/468 दिनांक: 02.06.08

विज्ञप्ति

राजस्थान पंचायती राज प्रबोधक सेवा नियम 2008 के अन्तर्गत बांसवाड़ा जिले के लिए प्रबोधक पद की सीधी भर्ती हेतु पात्र आशार्थियों से आवेदन विज्ञापन जारी होने से दिनांक 20.06.08 सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित किए जाते हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार है।

श्रेणी	कुल योग	सामान्य	महिला	विधवा
अनुसूचित जाति	0	0	0	0
अनुसूचित जनजाति	0	0	0	0
टी.एस.पी. क्षेत्र के अनुसूचित जाति	39	28	11	0
टी.एस.पी. क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति	355	249	106	5
अन्य पिछड़ा वर्ग	0	0	0	0
सामान्य वर्ग	395	277	118	5
महायोग	789	554	235	10
निशक्त जन एवं भूतपूर्व सैनिक	नियमानुसार			

नोट: पदों की संख्या में कमी वृद्धि की जा सकती है।

योग्यता: सीनियर सैकण्डरी एवं बी.एस.टी.सी. अथवा बी.एड. अथवा समकक्ष।

अनुभव: मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान या परियोजना में बिना किसी खंडता के न्यूनतम 5 वर्ष का निरन्तर अध्यापन/परीविक्षण अनुभव होना चाहिए। यह अनुभव प्रमाण पत्र संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी से प्रति हस्ताक्षरित होना चाहिए। आवेदन करने की अन्तिम तिथि तक अहर्ताएं प्राप्त होनी चाहिए।

वेतन: नियत मानदेय 4450 प्रतिमाह, दो वर्ष परिविक्षा अवधि संतोषजनक रूप से पूर्ण करने पर वेतन शृंखला 4500-7000 एवं नियमानुसार अनुज्ञेय भत्ते।

आरक्षण: प्रबोधक सेवा नियम 2008 के अनुसार आरक्षित वर्ग एवं महिला तथा महिलाओं के पदों का 5 प्रतिशत विधवाओं को आरक्षण का लाभ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आवश्यक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर देय होगा।

आयु: प्रबोधक पद हेतु 01.01.09 को न्यूनतम आयु 23 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष होगी तथा नियमानुसार आरक्षित वर्गों एवं महिलाओं को आयु में छुट देय होगी, राज्य के शैक्षणिक परियोजना अर्थात राजीव गांधी पाठशाला/ शिक्षाकर्मी योजना/ लोक जुम्बिश परियोजना /सर्व शिक्षा अभियान/ डी.पी.ई.पी. के अधीन सेवारत व्यक्तियों को यदि वे प्रारम्भिक नियुक्ति के समय आयु सीमा में थे आयु सीमा में समझा जावेगा चाहे उन्होंने सीधी भर्ती के समय आयु सीमा पार कर ली हो, विधवा के मामले में ऊपरी आयु सीमा नहीं होगी।

आवेदन शुल्क: सामान्य अभ्यर्थी हेतु रुपए 100 का तथा अजा/ अजजा/ अपिव/ महिला एवं विकलांग हेतु रुपए 50 का पोस्टल आर्डर/डिमाण्ड ड्राफ्ट जो जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा को देय।

आवेदन करने की प्रक्रिया:-
1- निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा बीकानेर द्वारा जारी विज्ञापन प्रबोधक/सीधी भर्ती/28-29/08 के साथ प्रकाशित आवेदन पत्र को कम्प्यूटराईज्ड अथवा स्पष्ट रूप से सफेद कागज पर टंकित करवाते हुए निर्धारित तिथि तक जिला शिक्षा अधिकारी प्रा.शि. बांसवाड़ा कार्यालय में जमा करवाना/डाक से भेजना होगा, आवेदन के साथ विज्ञप्ति में उल्लेखित शुल्क का भारतीय पोस्टल आर्डर पर प्रबोधक आवेदन हेतु लिखते हुए उसे जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा) बांसवाड़ा के नाम से देय करते हुए बांसवाड़ा में देय उल्लेख करना होगा।
2- दस्तावेजों के सही होने तथा पात्रता संबंधी सत्यता का शपथ पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा।
3- आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाईट www.rajshiksha.gov.in पर है। उपर्युक्त दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र 20 जून 2008 सायं 5.00 बजे तक जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा बांसवाड़ा कार्यालय में पहुंचने पर ही चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जा सकेगा।

Orders for Direct Recruitment as Probodhak

जिला शिक्षा अधिकारी एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा) जिला परिषद बांसवाडा

—: कार्यालय आदेश :—

राजस्थान पंचायतीराज प्रबोधक भर्ती सेवा नियम 2008 के अन्तर्गत जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति 468 दिनांक 02.06.08 के तहत प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रबोधक भर्ती पद पर चयन किये जाने के फलस्वरूप चयनित आशार्थियों को रूपये–4450/– प्रतिमाह स्थाई परिश्रमिक पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष के परिवीक्षाकाल पर अस्थाई नियुक्ति प्रदान की जाकर इनके नाम के सामने अंकित विद्यालय में पदस्थापित किया जाता है। आशार्थी को दो वर्ष का परिवीक्षाकाल सफलतापूर्वक पूर्ण करने के पश्चात वेतन श्रृंखला 4500–7000(स्केल न. 9ए) तदनुसार नवीन वेतन में न्यूनतम वेतन एवं उसके साथ नियमानुसार वेतन भत्ते देय होंगें। आशार्थी के परिवीक्षाकाल अवधि में वित्त विभाग के आदेश कमांक–एफ–12(6)एफ0डी0/रूल्स/05 दिनांक 13.03.08 के अनुसार समस्त शर्ते लागू होंगी। इन्हें पदस्थापित स्थान पर दिनांक 13.10.08 तक अनिवार्य रूप से कार्यग्रहण करना होगा,कार्यग्रहण नहीं करने पर उक्त अवधि के पश्चात यह आदेश स्वतः निरस्त समझे जायेंगे। निर्धारित तिथि तक कार्यग्रहण करने/ नहीं करने वाले आशार्थियोंकी सूचना संबंधित बी.ई.ई.ओ./नियंत्रक अधिकारी तत्काल अपने उच्च अधिकारियों को प्रेषित करेंगे।चयनित आशार्थियों के चरित्र संतोषजनक नहीं होने पर इन्हें सेवामुक्त करने का पूर्ण अधिकार नियुक्ति अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा। चयनित आशार्थियों के वेतन भत्ते एवं सेवा की सभी शर्ते राजस्थान पंचायती राज प्रबोधक भर्ती सेवा नियम–2008 होगी।

संबंधित आशार्थी अपने पदस्थापित स्थान से संबंधित ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक योगयता व अन्य प्रमाण पत्रों का मूल प्रमाण पत्रों से प्रमाणीकरण करायें एवं निर्धारित प्रपत्र में सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे एवं संबंधित बी.ई.ई.ओ के द्वारा उपरोक्त प्रमाण–पत्रों जांच कर आश्वस्त होने के पश्चात संबंधित आशार्थी को उनके पदस्थापित विद्यालय में कार्यग्रहण करने की अनुमति प्रदान करेंगे। राज्य सेवा में तथा पंचायत राज सेवा में कार्यरत आशार्थियों के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है परन्तु भूतपूर्व सैनिकों के लिए रक्षा मंत्रालय भारत सरकार का डिस्चार्ज(सेवानिवृत्त) प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी आवश्यक होगी।

राज्य सरकार की अधिसूचना कमांक–प07(1)डीओपी/ए–II/1995 दिनांक 08.04.2003 के प्रावधानान्तर्गत ऐसा कोई भी आशार्थी जिसके दिनांक 01.06.2002 को या उसके पश्चात दो से अधिक बच्चें हों , नियुक्ति का पात्र नहीं होगा, परन्तु दो से अधिक बच्चों वाले किसी भी आशार्थी को नियुक्ति के लिए तब तक निर्हित नहीं समझा जायेगा जब तक दिनांक 01.06.2002 को विद्यमान उसके बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं होगी। अतः यदि नव–नियुक्ति आशार्थी के द्वारा कार्यग्रहण करने से पूर्व इस आशय का शपथ पत्र यदि पूर्व में प्रस्तुत नहीं किया है तो शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

संबंधित आशाथियों द्वारा प्रस्तुत प्रमाण–पत्रों में से किसी भी प्रमाण पत्र के गलत पायें जाने पर अथवा शैक्षिक/प्रशैक्षिक योग्यता की मान्यता राजस्थान सरकार/एन.सी.टी.ई. के द्वारा मान्य नहीं होने पर बिना किसी पूर्व सूचना के नियुक्ति अधिकारी द्वारा उसे सेवा से पृथक किया जा सकेगा।

राज्य सरकार के परिपत्रादेश कमांक–प.–8(1)कार्मिक/क–2/2003 दिनांक 06.06.2003 एवं वित्त विभाग राजस्थान सरकार की अधिसूचना कमांक–एफ–13(1) एफ.डी./रूल्स/2003 दिनांक 28.01.2004 के अन्तर्गत दिनांक 01.01.2004 के बाद की जाने वाली नियुक्ति/भर्ती में नवीन अशार्थी अर्थात जो सेवा में पहली बार कार्यभार संभालेंगें उन पर नई अंशदायी पेंशन योजना लागू होगी। अभ्यर्थी को ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करना होगा।

यह नियुक्ति माननीय उच्च न्यायालय जयपुर तथा विभिन्न याचिका माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर में लंबित इस भर्ती के संदर्भ की विभिन्न याचिकाओं के अन्तिम निर्णय के अध्याधीन रहेगी।

नोटः–प्रावि में कार्यरत बी.एड.योग्यताधारी एवं उप्रावि में कार्यरत एस.टी.सी. योग्यताधारी प्रबोधक आगामी आदेश तक ही अपने पदस्थापित विद्यालय में अपनी उपस्थिति देंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं अतिरिक्त
मुख्य कार्यकारी अधिकारी(प्रारम्भिक शिक्षा)
जिला परिषद बाँसवाडा
दिनांक 28.09.08

क्रमांक जिशिअ./प्राशि./बाँस./संस्था–1/प्रबोभ. /2008/812–818

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं पालनार्थः–

01.श्रीमान आयुक्त, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर।
02 श्रीमान सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
03 श्रीमान उपनिदेशक प्रारम्भिक शिक्षा उदयपुर संभाग उदयपुर।

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा बांसवाडा

कार्यालय आदेश

निदेशक प्रा.शि. राजस्थान बीकानेर के पत्र क्रमांक शिविरा/प्रार/नियुक्ति प्रकोष्ठ/प्रबोधक/18667/स्थाईकरण/10/04 दिनांक 11.10.2010 एवं राजस्थान पंचायतीराज प्रबोधक भर्ती सेवा नियम –2008 के अनुसार निम्नांकित प्रबोधको का स्थायीकरण उनके नाम के सामने अंकित तिथि से किया जाता है। यह आदेश उन्हीं प्रबोधकों पर प्रभावी होगा जिन्होनें लगातार परीविक्षाकाल में प्रबोधक नियुक्ति से 2 वर्ष पूर्ण होने से पूर्व 120 दिन से अधिक का लगातार असाधारण अवकाश का उपभोग नहीं किया गया होगा। साथ ही यदि भविष्य में संबंधित प्रबोधक की शैक्षिक/प्रशैक्षिक योग्यता की डिग्री एवं अंकतालिकाओं की जांच में किसी प्रकार की अपत्ति/असत्यता प्रमाणित होती है तो उसके लिये संबंधित कार्मिक दोषी होगा एवं स्थायीकरण आदेश निरस्त समझा जावेगा। इन्हें प्रबोधक सेवा नियमों के अन्तर्गत स्थायी कार्मिकों के समान समस्त लाभ परिलाभ देय होगें। उक्त आदेश ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की अभिशंसानुसार जारी किये जा रहे है !

क्र सं	नाम प्रबोधक	विद्यालय का नाम	जन्म दिनांक	प्रथम नियुक्ति तिथि	स्थायीकरण तिथि	वि.वि.
1	प्रकाश पंचाल	राप्रावि इन्दिरा कॉलोनी पालोदा	2.06.1971	01.10.08	01.10.10	
2	दिलीप सिंह चौहान	राप्रावि नडियादा बडा	30.12.1977	01.10.08	01.10.10	
3	श्रीमती रंजना निनामा	रामावि रुजिया	30.6.1979	03.10.08	03.10.10	
4	देवेन्द्र पाटीदार	राशिप्रावि मेटारेड	18.6.1975	01.10.08	01.10.10	
[illegible]	[illegible]	[illegible]	12.[illegible]1973	01.10.0[illegible]	01.10.10	

Candidate Interview Letter for Direct Recruitment as Probodhak

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी बांसवाडा

कमांक–जिशिअ/प्राशि/संस्था–1/प्रबोभ/बांस/08/ दिनांक–02.08.08

श्री/श्रीमती/सुश्री
....
....
....

विषयः– प्रबोधक भर्ती–2008 के साक्षात्कार हेतु।
प्रसंगः– आपका पंजीयन कमांक....538.......दिनांक..17.6.08..।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रबोधक भर्ती–2008 हेतु आपका आवेदन पत्र इस कार्यालय को प्राप्त हुआ। उक्त भर्ती के साक्षात्कार हेतु आप दिनांक...24.8.08.... को प्रातः 08.00 बजे वांछित समस्त मूल दस्तावेज एवं प्रमाणित छाया प्रति सहित साक्षात्कार स्थल <u>रा.उ.प्रा.वि.मोहन कोलोनी बांसवाड़ा</u> में उपस्थित होवें।

नोटः–पंजीयन समय प्रातः 08.00 बजे से 09.00 बजे तक रहेगा।
तत्पश्चात पंजीयन नहीं किया जायेगा एवं अनुपस्थित माना जायेगा।

5
8.16 A.M.

जिला शिक्षा अधिकारी
प्रारम्भिक शिक्षा बांसवाड़ा

Raj. Gov. passed Resulution to convert Contract Teachers as Regular Probodhak

राजस्थान राज–पत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
वैशाख 5, शुक्रवार, शाके 1930–अप्रेल 25, 2008 Vaisakha 5, Friday, Saka 1930 – April 25, 2008	

भाग 4 (ग)

उप–खण्ड (I)

राज्य सरकार तथा अन्य राज्य प्राधिकारियों द्वारा जारी किये गये (सामान्य आदेशों, उप–विधियों आदि को सम्मिलित करते हुए) सामान्य कानूनी नियम।

पंचायती राज विभाग

अधिसूचना

जयपुर, अप्रेल 25, 2008

जी.एस.आर.21:–राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम सं. 13) की धारा 89 के साथ पठित धारा 102 द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस निमित्त सामर्थ्यकारी समस्त अन्य शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार इसके द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:–

राजस्थान पंचायती राज प्रबोधक सेवा नियम, 2008

भाग 1

साधारण

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ .–(1) इन नियमों का नाम राजस्थान पंचायती राज प्रबोधक सेवा नियम, 2008 है।

(2) ये तुरन्त प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं .–जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इन नियमों में,–

(क) "नियुक्ति प्राधिकारी" से संबंधित जिले का अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा) या ऐसा प्राधिकारी अभिप्रेत है जिसे, सरकार के विशेष या साधारण आदेश द्वारा और ऐसी शर्तों के अध्यधीन, जिन्हें वह उचित समझे, इस निमित्त शक्तियां प्रत्यायोजित की जायें ;

(ख) "समिति" से सीधी भर्ती के संबंध में नियम 20 के अधीन गठित समिति अभिप्रेत है ;

(ग) "सीधी भर्ती" से इन नियमों के भाग–4 के अनुसार की गयी भर्ती अभिप्रेत है ;

(घ) "सरकार" से राजस्थान सरकार अभिप्रेत है ;

(ङ) "राज्य" से राजस्थान राज्य अभिप्रेत है ;

(च) "सेवा का सदस्य" से इन नियमों के उपबंधों के अधीन सेवा में के किसी पद पर नियमित चयन के आधार पर नियुक्त कोई व्यक्ति अभिप्रेत है ;

(छ) "पदोन्नति समिति" से पदोन्नति के संबंध में नियम 28 के अधीन गठित समिति अभिप्रेत है;

(ज) "सेवा" से राजस्थान पंचायती राज प्रबोधक सेवा अभिप्रेत है ;

(झ) "अनुसूची" से इन नियमों से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है ;

(ञ) "अधिष्ठायी नियुक्ति" से इन नियमों के अधीन विहित भर्ती की किसी भी रीति से सम्यक् चयन के पश्चात् किसी अधिष्ठायी पद पर इन नियमों के उपबन्धों के अधीन की गयी नियुक्ति अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत परिवीक्षा पर या परिवीक्षाधीन व्यक्ति के रूप में की गयी कोई नियुक्ति भी है जिस पर परिवीक्षाकाल की समाप्ति के पश्चात् स्थायीकरण किया जाता हो ;

(ट) सीधी भर्ती के प्रयोजन के लिए "अध्यापन अनुभव" में किसी मान्यताप्राप्त शैक्षणिक संस्था या परियोजना में पर्यवेक्षण हैसियत में अर्जित अनुभव सम्मिलित है ;

(ठ) "सेवा" या "अनुभव" जहां कहीं भी इन नियमों में, उच्चतर पद पर पदोन्नति के लिए पात्र किसी निम्नतर पद धारण करने वाले व्यक्ति की दशा में एक सेवा से दूसरी सेवा में या सेवा के भीतर एक प्रवर्ग से दूसरे प्रवर्ग में या वरिष्ठ पदों पर पदोन्नति के लिए एक शर्त के रूप में विहित हो,

उसमें ऐसी कालावधि सम्मिलित होगी, जिसके दौरान ऐसे व्यक्ति ने प्रख्यापित नियमों के अनुसार नियमित चयन के पश्चात् ऐसे निम्नतर पद पर निरन्तर कार्य किया हो ;

टिप्पण :–सेवा के दौरान की ऐसी अनुपस्थिति, उदाहरणार्थ प्रशिक्षण, छुट्टी और प्रतिनियुक्ति इत्यादि, जो राजस्थान सेवा नियम, 1951 के अधीन "ड्यूटी" के रूप में मानी जाती है, पदोन्नति के लिए अपेक्षित अनुभव या सेवा की संगणना करने के लिए सेवा के रूप में गिनी जायेगी ;

(ड) "वर्ष" से वित्तीय वर्ष अभिप्रेत है।

3. निर्वचन .–जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, राजस्थान साधारण खण्ड अधिनियम, 1955 इन नियमों के निर्वचन के लिए उसी प्रकार लागू होगा, जिस प्रकार वह किसी राजस्थान अधिनियम के निर्वचन के लिए लागू होता है।

भाग 2

संवर्ग

4. सेवा की संरचना और उसमें पदों की संख्या .–(1) सेवा में अनुसूची के स्तम्भ 2 में विनिर्दिष्ट पद सम्मिलित होंगे।

(2) सेवा में के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाये :

परन्तु सरकार, –

(क) आवश्यक प्रतीत होने पर कोई भी स्थायी या अस्थायी पद समय–समय पर सृजित कर सकेगी, और

(ख) किसी व्यक्ति को किसी भी प्रतिकर का हकदार बनाये बिना किसी पद के प्रति भर्ती के लिए कोई अनिवार्यता बनाये बिना किसी स्थायी या अस्थायी पद को समय–समय पर बिन भरे या प्रास्थगित रख सकेगी या समाप्त कर सकेगी।

5. सेवा का गठन .–सेवा में ऐसे व्यक्ति सम्मिलित होंगे जिन्हें इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किया गया हो।

भाग 3
भर्ती की रीतियां

6. भर्ती की रीतियां .–इन नियमों के प्रारम्भ के पश्चात् सेवा में भर्ती निम्नलिखित रीतियों से की जायेगी :–

(क) इन नियमों के भाग 4 के अनुसार सीधी भर्ती द्वारा ;

(ख) इन नियमों के भाग 5 के अनुसार पदोन्नति द्वारा।

7. अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए रिक्तियों का आरक्षण .–(1) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए रिक्तियों का आरक्षण सरकार के आरक्षण संबंधी ऐसे आदेशों के अनुसार होगा जो भर्ती के समय प्रवृत्त हों चाहे भर्ती सीधी हो या पदोन्नति द्वारा।

(2) इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए ऐसे पात्र अभ्यर्थियों के संबंध में, जो अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सदस्य हैं, अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका कौनसा रैंक है, इस पर ध्यान न देते हुए उसी क्रमानुसार नियुक्ति के लिए विचार किया जायेगा, जिस क्रम में उनके नाम, सीधी भर्ती के लिए समिति द्वारा, और पदोन्नति के मामले में पदोन्नति समिति द्वारा तैयार की गयी सूची में दिये गये हैं।

(3) नियुक्तियां सर्वथा सीधी भर्ती और पदोन्नति के लिए विहित पृथक्-पृथक् रोस्टरों के अनुसार ही की जायेंगी। किसी वर्ष-विशेष में अनुसूचित जातियों और, यथास्थिति, अनुसूचित जनजातियों में के पात्र तथा उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की दशा में उनके लिए इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को तब तक अग्रनीत किया जायेगा जब तक अनुसूचित जातियों और, यथास्थिति, अनुसूचित जनजातियों का/के उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हो जाता है/जाते हैं। किन्हीं भी परिस्थितियों में, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित कोई रिक्ति पदोन्नति द्वारा और साथ ही सीधी भर्ती द्वारा सामान्य प्रवर्ग के अभ्यर्थी से नहीं भरी जायेगी। तथापि, आपवादिक मामलों में, जहां नियुक्ति प्राधिकारी लोकहित में यह महसूस करे कि रिक्त आरक्षित पद (पदों) को अर्जेण्ट अस्थायी आधार पर सामान्य प्रवर्ग के अभ्यर्थियों से पदोन्नति

(3) नियुक्ति प्राधिकारी, पूर्वतर वर्षों की रिक्तियों को भी, जिन्हें पदोन्नति द्वारा भरा जाना अपेक्षित था, वर्षवार अवधारित करेगा बशर्ते कि ऐसी रिक्तियां पहले अवधारित न की गयी हों और उस वर्ष में जिसमें उनका भरा जाना अपेक्षित था, भरी न गयी हों।

11. राष्ट्रीयता .–सेवा में नियुक्ति के अभ्यर्थी के लिए यह आवश्यक है कि वह –

(क) भारत का नागरिक हो ; या

(ख) नेपाल का नागरिक हो ; या

(ग) भूटान का प्रजाजन हो ; या

(घ) भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से 1 जनवरी, 1962 के पूर्व भारत में आया तिब्बती शरणार्थी हो ; या

(ड) भारतीय मूल का ऐसा व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका और पूर्वी अफ्रीकी देश कीनिया, युगाण्डा तथा संयुक्त तनजानिया गणतंत्र (पूर्ववर्ती टांगानिका और जंजीबार), जाम्बिया, मालावी, जैरे और इथियोपिया से आया हो :

परन्तु (ख), (ग), (घ) और (ड) प्रवर्गों का कोई अभ्यर्थी ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पक्ष में सरकार के गृह एवं न्याय विभाग द्वारा समुचित सत्यापन के पश्चात् पात्रता प्रमाण-पत्र जारी किया गया हो।

12. अन्य देशों से भारत में आये व्यक्तियों की पात्रता की शर्तें .–इन नियमों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, ऐसे व्यक्ति के बारे में, जो भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से अन्य देशों से भारत में आया हो, सेवा में भर्ती की पात्रता हेतु राष्ट्रीयता, आयु-सीमा और फीस या अन्य रियायतों संबंधी उपबंध ऐसे आदेशों या अनुदेशों द्वारा विनियमित होंगे जो राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किये जायें और ऐसे आदेश या अनुदेश भारत सरकार द्वारा उस विषय पर जारी किये गये अनुदेशों के अनुसार, यथावश्यक परिवर्तन सहित, विनियमित किये जायेंगे।

(vii) निर्मुक्त आपात कमीशन प्राप्त अधिकारियों को एवं [illegible] सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों को, सेना से निर्मुक्त के पश्चात् जब वे समिति के समक्ष उपस्थित हों, आयु सीमा में समझा जायेगा चाहे उन्होंने आयु सीमा पार ली हो यदि वे सेना में कमीशन ग्रहण करने के समय सीमा की दृष्टि से पात्र थे;

(viii) विधवाओं और विवाह-विच्छिन्न महिलाओं के मामले में ऊपरी आयु सीमा नहीं होगी।

स्पष्टीकरण :– विधवा के मामले में, उसे सक्षम प्राधिकारी प्रदत्त अपने पति की मृत्यु का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा विवाह-विच्छिन्न के मामले में उसे विवाह विच्छिन्नता का प्रस्तुत करना होगा।

14. शैक्षणिक और वृत्तिक अर्हताएं .– अनुसूची में विनिर्दिष्ट पर सीधी भर्ती का अभ्यर्थी यथा-अपेक्षित ऐसे अनुभव के अति[illegible] निम्नलिखित अर्हताएं रखेगा :–

(i) अनुसूची के स्तम्भ 6 में दी गयी अर्हता और अनुभव ; और

(ii) देवनागरी लिपि में लिखित हिन्दी का व्यावहारिक ज्ञान [illegible] राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान।

15. चरित्र .–सेवा में सीधी भर्ती के अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए जो उसे सेवा में नियोजन के लिए अर्हित करे। उसे विश्ववि[illegible] या महाविद्यालय, जिसमें उसने अंतिम बार शिक्षा पायी थी [illegible] प्राचार्य/शैक्षिक अधिकारी द्वारा प्रदत्त सच्चरित्रता का प्रमाण-पत्र [illegible] करना चाहिए और साथ ही ऐसे दो प्रमाण-पत्र, जो उसके द्वारा [illegible] प्रस्तुत करने की तारीख से छह मास से अधिक पूर्व के लिखे हुए [illegible], ऐसे दो उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रस्तुत करने चाहिएं जो [illegible] महाविद्यालय या विश्वविद्यालय से सम्बद्ध न हों और न उसके संबंधी [illegible]

टिप्पण :–(1) किसी न्यायालय द्वारा की गयी दोषसिद्धि मात्र ही सच्चरित्रता प्रमाणपत्र न दिये जाने का आधार नहीं है। दोषसिद्धि की परिस्थितियों पर विचार किया जाना चाहिए और यदि उनमें नैतिक [illegible]

संबंधी कोई बात अन्तर्ग्रस्त नहीं है या उनका संबंध हिंसात्मक अपराधों या ऐसे आन्दोलनों से नहीं है, जिसका उद्देश्य विधि द्वारा स्थापित सरकार को हिंसात्मक तरीकों से उलटना हो तो दोषसिद्धि मात्र को निरर्हता नहीं समझा जाना चाहिए।

(2) ऐसे भूतपूर्व कैदियों के साथ, जिन्होंने कारावास में अपने अनुशासित जीवन से और पश्चात्वर्ती सदाचरण से अपने आप को पूर्णतया सुधरा हुआ सिद्ध कर दिया हो, सेवा में नियोजन के प्रयोजन के लिए इस आधार पर विभेद नहीं किया जाना चाहिए कि वे पहले सिद्धदोष ठहराये जा चुके हैं। उन व्यक्तियों को, जिन्हें ऐसे अपराधों के लिए सिद्धदोष ठहराया गया है जिनमें नैतिक अधमता या हिंसा अन्तर्ग्रस्त नहीं है, पूर्णतया सुधरा हुआ मान लिया जायेगा, यदि वे 'पश्चात्वर्ती देखरेख गृह' के अधीक्षक की, या यदि किसी जिला–विशेष में ऐसे गृह नहीं हैं तो उस जिले के पुलिस अधीक्षक की, इस आशय की रिपोर्ट प्रस्तुत कर दें।

(3) उन व्यक्तियों से, जिन्हें ऐसे अपराधों के लिए, जिनमें नैतिक अधमता या हिंसा अन्तर्ग्रस्त है, सिद्धदोष ठहराया गया है, पश्चात्वर्ती देखरेख गृह के अधीक्षक का, कारागार के महानिरीक्षक द्वारा पृष्ठांकित इस आशय का, कि उन्होंने कारावास के दौरान अपने अनुशासित जीवन से तथा पश्चात्वर्ती देखरेख गृह में अपने पश्चात्वर्ती सदाचरण से यह सिद्ध कर दिया है कि वे अब पूर्णतः सुधर गये हैं अतः नियोजन के लिए उपयुक्त है, प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जायेगी।

16. शारीरिक उपयुक्तता .–सेवा में सीधी भर्ती के अभ्यर्थी को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें किसी प्रकार का ऐसा कोई मानसिक और शारीरिक नुक्स नहीं होना चाहिए जिससे सेवा के सदस्य के रूप में उसके कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा आने की संभावना हो और यदि वह चयनित हो जाये तो उसे सरकार द्वारा उस प्रयोजन के लिए अधिसूचित किसी चिकित्सा प्राधिकारी का इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। नियुक्ति प्राधिकारी से अभ्यर्थी को, जो पदोन्नति की नियमित पंक्ति में पदोन्नत हो या पहले से राज्य के कार्यकलाप के संबंध में सेवारत हो, ऐसा प्रमाणपत्र

प्रस्तुत करने से अभिमुक्त कर सकेगा यदि पूर्ववर्ती नियुक्ति के लिए उसकी स्वास्थ्य परीक्षा पहले ही कर ली गयी हो और उसके द्वारा धारित दोनों पदों के लिए स्वास्थ्य परीक्षा का आवश्यक मापमान नये पद के कर्तव्यों के दक्षतापूर्ण पालन के तुल्य हो और आयु के कारण उस प्रयोजन के लिए उसकी कार्यदक्षता में कोई कमी न आयी हो।

17. नियुक्ति के लिए निरर्हताएं .–(1) कोई पुरुष अभ्यर्थी, जिसके एक से अधिक जीवित पत्नियां हैं, सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा सिवाय उस दशा के जब सरकार अपना यह समाधान कर लेने के पश्चात् कि ऐसा करने के लिए विशेष कारण हैं, किसी अभ्यर्थी को इस नियम के उस पर लागू होने से छूट न दे दे।

(2) कोई महिला अभ्यर्थी, जिसका विवाह ऐसे व्यक्ति से हुआ है, जिसके पहले से कोई जीवित पत्नी है, सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगी सिवाय उस दशा के जब सरकार अपना यह समाधान कर लेने के पश्चात् कि ऐसा करने के लिए विशेष कारण हैं, किसी महिला अभ्यर्थी को इस नियम के उस पर लागू होने से छूट न दे दे।

(3) कोई भी विवाहित अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति का पात्र नहीं होगा यदि उसने अपने विवाह के समय कोई दहेज स्वीकार किया हो।

स्पष्टीकरण : इस नियम के प्रयोजन के लिए 'दहेज' का अर्थ वही है जो दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 (1961 का केन्द्रीय अधिनियम 28) में दिया गया है।

(4) ऐसा कोई भी अभ्यर्थी, जिसके 01–06–2002 को या उसके पश्चात् दो से अधिक संतानें हों, सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा

परन्तु दो से अधिक सन्तानों वाला व्यक्ति तब तक नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं समझा जायेगा जब तक कि उसकी सन्तानों की उस संख्या में, जो 1 जून, 2002 को है, बढ़ोतरी नहीं होती है :

परन्तु यह और कि जहां किसी अभ्यर्थी के पूर्वतर प्रसव से एक ही सन्तान है किन्तु पश्चात्वर्ती किसी एकल प्रसव से एक से अधिक संतानें पैदा हो जाती हैं वहां सन्तानों की कुल संख्या की गणना करते समय इस

3. अपर जिला शिक्षा अधिकारी/अपर जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी – सदस्य

21. आवेदन आमंत्रित करना.–सेवा में के पद पर सीधी भर्ती के लिए आवेदन समिति के सदस्य–सचिव द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों को राजपत्र में या ऐसी अन्य रीति से, जो सरकार ठीक समझे, विज्ञापित करके, आमंत्रित किये जायेंगे। विज्ञापन में यह खण्ड होगा कि ऐसे किसी अभ्यर्थी को, जो उसे प्रस्तावित किये जा रहे पद का कर्तव्यभार स्वीकार करता है, परिवीक्षा की कालावधि के दौरान राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर नियत दर से मासिक नियत पारिश्रमिक संदत्त किया जायेगा और विज्ञापन में अन्यत्र यथादर्शित वेतनमान, इन नियमों में उल्लिखित परिवीक्षा की कालावधि सफलतापूर्वक पूरी करने की तारीख से ही अनुज्ञात किया जायेगा :

परन्तु इस प्रकार विज्ञापित रिक्तियो के लिए अभ्यर्थियों का चयन करते समय समिति, यदि उसे विज्ञापित रिक्तियों के 50 प्रतिशत से अनधिक की अतिरिक्त आवश्यकता की सूचना चयन के पूर्व प्राप्त हो जाये, ऐसी अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति के लिए उपयुक्त व्यक्तियों का चयन भी कर सकेगी।

22. आवेदन का प्ररूप.–आवेदन सरकार द्वारा विहित प्ररूप में किया जायेगा और संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा) के कार्यालय से ऐसी फीस, यदि कोई हो, जो सरकार द्वारा नियत की जाये, का संदाय करके प्राप्त किया जा सकेगा।

23. आवेदन फीस.–सेवा में के किसी पद पर सीधी भर्ती का अभ्यर्थी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा) को ऐसी फीस का, जो सरकार द्वारा समय–समय पर नियत की जाये, ऐसी रीति से, जो वह उपदर्शित करे, संदाय करेगा।

24. आवेदन की संवीक्षा.–संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा) अपने द्वारा प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा करेगा और इन नियमों के अधीन नियुक्ति के लिए अर्हित इतने अभ्यर्थियों से, जितने वह वांछनीय समझे, साक्षात्कार हेतु नियुक्ति प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित होने की अपेक्षा करेगा :

परन्तु किसी अभ्यर्थी की पात्रता के संबंध में या अन्यथा समिति का विनिश्चय अंतिम होगा।

25. समिति की सिफारिशें.–समिति ऐसे अभ्यर्थियों की, जिन्हें वह संबंधित पदों पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त समझे, एक सूची तैयार करेगी, उसे योग्यता क्रम में व्यवस्थित करेगी और उसे नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रेषित करेगी :

परन्तु समिति विज्ञापित रिक्तियों के 50 प्रतिशत की सीमा तक, उपयुक्त अभ्यर्थियों के नाम आरक्षित सूची में रख सकेगी। अध्यपेक्षा किये जाने पर, ऐसे अभ्यर्थियों के नामों की योग्यता क्रम में सिफारिश, उस तारीख से, जिसको समिति द्वारा नियुक्ति प्राधिकारी को मूल सूची अग्रेषित की जाये, 6 मास के भीतर–भीतर नियुक्ति प्राधिकारी को की जा सकेगी।

26. नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा चयन.–नियम 7, 8, 9 और 10 के उपबन्धों के अध्यधीन, नियुक्ति प्राधिकारी उन अभ्यर्थियों का, जिनका स्थान नियम 27 के अधीन तैयार की गयी सूची में योग्यता कम में सबसे ऊपर हो, चयन करेगा :

परन्तु किसी अभ्यर्थी का नाम सूची में सम्मिलित हो जाने मात्र से ही उसे नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी का, ऐसी जांच के पश्चात् जो वह आवश्यक समझे, यह समाधान न हो जाये कि ऐसे अभ्यर्थी संबंधित पदों पर नियुक्ति के लिए अन्य सभी प्रकार से उपयुक्त हैं।

भाग 5

पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया

27. चयन के लिए कसौटी.–अनुसूची के स्तम्भ 4 में प्रगणित व्यक्ति, चयन वर्ष के अप्रेल मास के प्रथम दिन को स्तम्भ 5 में विनिर्दिष्ट न्यूनतम अर्हताएं और अनुभव रखने के अध्यधीन रहते हुए, स्तम्भ 2 में विनिर्दिष्ट पदों पर वरिष्ठता-एवं-योग्यता के आधार पर पदोन्नति के लिए पात्र होंगे।

28. पदोन्नति समिति का गठन.–इन नियमों के अधीन पदोन्नति द्वारा भर्ती जिला स्तर पर निम्नलिखित से गठित पदोन्नति समिति द्वारा की जायेगी, अर्थात् :–

1.	जिला प्रमुख	– अध्यक्ष
2.	मुख्य कार्यपालक अधिकारी	– सदस्य
3.	जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा)	– सदस्य–सचिव
4.	अपर जिला शिक्षा अधिकारी/अपर जिला शिक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ उप–जिला शिक्षा अधिकारी	– सदस्य

29. पदोन्नति के लिए कसौटी, पात्रता और प्रक्रिया.–(1) ज्योंही नियुक्ति प्राधिकारी इन नियमों के रिक्तियों के अवधारण से संबंधित नियम के अधीन रिक्तियों की संख्या अवधारित करे और यह विनिश्चित करे कि कतिपय संख्या में पद पदोन्नति द्वारा भरे जाने अपेक्षित हैं त्योंही वह उप–नियम (6) के उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुए, ऐसे वरिष्ठतम व्यक्तियों की सही एवं पूर्ण सूची तैयार करेगा, जो पदोन्नति के लिए इन नियमों के अधीन पात्र और अर्हित हैं।

(2) पद जिससे पदोन्नति की जानी है, से संबंधित अनुसूची के सुसंगत स्तम्भ में प्रगणित व्यक्ति चयन वर्ष के अप्रेल मास के प्रथम दिन पदोन्नति के लिए अर्हताएं और अनुभव से संबंधित सुसंगत स्तम्भ में यथाविनिर्दिष्ट न्यूनतम अर्हताएं और अनुभव रखने के अध्यधीन रहते हुए स्तम्भ 3 में उपदर्शित सीमा तक उसके स्तम्भ 2 में विनिर्दिष्ट पदों पर पदोन्नति के लिए पात्र होंगे।

(3) किसी भी व्यक्ति की सेवा में पदोन्नति के लिए तब तक विचार नहीं किया जायेगा जब तक कि वह उस पद पर, जिससे इन नियमों के उपबंधों के अधीन विहित भर्ती की किसी एक रीति के अनुसार पदोन्नति की जानी हो, नियमित रूप से चयनित न हुआ हो।

(4) ऐसे किसी भी व्यक्ति की पदोन्नति पर उस तारीख से, जिसको उसकी पदोन्नति देय हो जाती है, पांच भर्ती वर्षों तक विचार नहीं किया जायेगा, यदि उसके 1 जून, 2002 को या उसके पश्चात् दो से अधिक संतानें हों :

परन्तु–

(i) दो से अधिक संतानों वाले व्यक्ति पदोन्नति के लिए तब तक निरर्हित नहीं समझे जायेंगे जब तक कि उनकी संतानों की उस संख्या में, जो 1 जून, 2002 को है, बढ़ोतरी नहीं होती है।

(ii) जहां किसी सरकारी कर्मचारी के पूर्वतर प्रसव से एक ही संतान है, किन्तु पश्चातवर्ती किसी एकल प्रसव से एक से अधिक संतानें पैदा हो जाती हैं वहां संतानों की कुल संख्या की गणना करते समय इस प्रकार पैदा हुई संतानों को एक इकाई समझा जायेगा।

(5) सेवा में सम्मिलित पद पर पदोन्नति के लिए चयन वरिष्ठता-एवं-योग्यता के आधार पर किया जायेगा।

(6) पदोन्नति के लिए पात्र व्यक्तियों के संबंध में विचार की संख्या–सीमा निम्नलिखित होगी :–

(i) रिक्तियों की संख्या	विचार किये जाने वाले पात्र व्यक्तियों की संख्या
(क) एक रिक्ति के लिए	– पांच पात्र व्यक्ति
(ख) दो रिक्तियों के लिए	– आठ पात्र व्यक्ति
(ग) तीन रिक्तियों के लिए	– दस पात्र व्यक्ति
(घ) चार या अधिक रिक्तियों के लिए	– रिक्तियों की संख्या का तीन गुना।

(ii) जहां उच्चतर पद पर पदोन्नति के लिए पात्र व्यक्तियों की संख्या ऊपर विनिर्दिष्ट संख्या से कम हो वहां इस प्रकार पात्र समस्त व्यक्तियों के बारे में विचार किया जायेगा।

(iii) जहां अनुसूचित जाति या, यथास्थिति, अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी पर्याप्त संख्या में ऊपर विनिर्दिष्ट विचार की संख्या-सीमा के भीतर उपलब्ध नहीं हों वहां विचार की संख्या-सीमा रिक्तियों की संख्या के सात गुने तक बढ़ायी जा सकेगी और इस प्रकार बढ़ायी गयी विचार की संख्या-सीमा के भीतर आने वाले अनुसूचित जाति या, यथास्थिति, अनुसूचित जनजाति (कोई अन्य नहीं) के अभ्यर्थियों के बारे में उनके लिए आरक्षित रिक्तियों के प्रति भी विचार किया जायेगा।

(7) इस नियम में अभिव्यक्त रूप से अन्यथा उपबंधित के सिवाय, पदोन्नति के लिए पात्रता की शर्तें, पदोन्नति समिति का गठन और चयन के लिए प्रक्रिया वही होगी जो इन नियमों में अन्यत्र विहित है।

(8) पदोन्नति समिति, ऐसे समस्त वरिष्ठतम व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी जो इन नियमों के अधीन संबंधित पद के वर्ग में पदोन्नति के लिए पात्र और अर्हित हैं और पदोन्नति के लिए उपयुक्त पाये गये व्यक्तियों के नाम अन्तर्विष्ट करते हुए इन नियमों के अधीन अवधारित रिक्तियों की संख्या के बराबर नामों की एक सूची तैयार करेगी। इस प्रकार तैयार की गयी सूची उस पद-प्रवर्ग के वरिष्ठता क्रम में रखी जायेगी जिससे चयन किया गया है।

(9) पदोन्नति समिति वरिष्ठता एवं योग्यता के आधार पर सूची भी तैयार कर सकेगी जिसमें अस्थायी या स्थायी रिक्तियों को, जो बाद में हों, भरने के लिए उप-नियम (8) के अधीन तैयार की गयी सूची में चयनित व्यक्तियों की संख्या से अनधिक व्यक्तियों के नाम होंगे। इस प्रकार तैयार की गयी सूची उनके पदों के प्रवर्ग में के, जिसमें से चयन किया जायेगा, वरिष्ठता क्रम में रखी जायेगी। ऐसी सूची को ऐसी पदोन्नति समिति द्वारा पुनर्विलोकित और पुनरीक्षित किया जायेगा जिसकी बैठक पश्चात्वर्ती वर्ष में हो और ऐसी सूची ऐसे वर्ष के अंतिम दिन तक प्रवृत्त रहेगी जिसके लिए पदोन्नति समिति की बैठक की जाये।

(10) उप-नियम (8) और (9) के अधीन तैयार की गयी सूचियां, उनमें सम्मिलित समस्त अभ्यर्थियों के और ऐसे अन्य अभ्यर्थियों के, जिनका चयन नहीं किया गया हो, यदि कोई हों, वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदनों/वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदनों और अन्य सेवा अभिलेखों के साथ, नियुक्ति प्राधिकारी को भेजी जायेंगी।

(11) इन नियमों के प्रख्यापन के पश्चात्, यदि किसी पश्चात्वर्ती वर्ष में, किसी पूर्ववर्ती वर्ष से संबंधित रिक्तियां, जिन्हें पदोन्नति द्वारा भरा जाना अपेक्षित था, इन नियमों के अधीन अवधारित की जाती हैं तो पदोन्नति समिति उस वर्ष, जिसमें पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित की जाती है, का विचार किये बिना ऐसे समस्त व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी जो उस वर्ष में, जिससे रिक्तियां संबंधित हैं, पात्र होते और ऐसी पदोन्नति उस वर्ष-विशेष में, जिससे ऐसी रिक्तियां संबंधित हैं, पदोन्नति के लिए लागू कसौटी और प्रक्रिया द्वारा विनियमित होंगी और इस प्रकार पदोन्नत किये गयें किसी पदधारी की ऐसी कालावधि की सेवा/अनुभव को, जिसके दौरान उसने ऐसे पद के कर्तव्यों का वास्तव में पालन नहीं किया है, जिस पर उसे पदोन्नत किया गया होता, उच्चतर पद पर पदोन्नति के लिए गिना जायेगा। इस प्रकार पदोन्नत किये गये व्यक्ति का वेतन ऐसे वेतन पर पुनर्निर्धारित किया जायेगा जो वह अपनी पदोन्नति के समय प्राप्त कर रहा होता, किन्तु वेतन का कोई भी बकाया उसे अनुज्ञात नहीं किया जायेगा।

(12) सरकार या नियुक्ति प्राधिकारी, अभिलेख को देखने से ही प्रकट किसी भूल या गलती के कारण या पदोन्नति समिति के विनिश्चय को सारवान् रूप से प्रभावित करने वाली किसी तथ्यात्मक गलती के कारण या किन्हीं भी अन्य पर्याप्त कारणों से उदाहरणार्थ वरिष्ठता में परिवर्तन, रिक्तियों का गलत अवधारण, किसी भी न्यायालय या अधिकरण का निर्णय/निदेश या जहां किसी व्यक्ति के गोपनीय प्रतिवेदन में की प्रतिकूल प्रविष्टियों को निकाल दिया गया है या उसमें परिवर्तन कर दिया गया है, या उसे दिया गया दण्ड अपास्त या कम कर दिया गया है, पूर्व में हुई पदोन्नति समिति की कार्यवाहियों के पुनर्विलोकन के लिए आदेश दे सकेगा। पुनर्विलोकन पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित किये जाने के पूर्व सरकार की सहमति सदैव प्राप्त की जायेगी।

(13) पदोन्नति समिति द्वारा तैयार की गयी सूचियां, ऐसे समस्त व्यक्तियों की, जिनके नामों पर पदोन्नति समिति द्वारा विचार किया गया है, वैयक्तिक पत्रावलियों और वार्षिक गोपनीय पंजियों/वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदनों सहित, नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रेषित की जायेंगी।

(14) नियुक्ति प्राधिकारी, पदोन्नति समिति द्वारा तैयार की गयी सूचियों, साथ ही पदोन्नति समिति से प्राप्त अन्य सुसंगत दस्तावेजों पर विचार करेगा और जब तक उसमें किसी प्रकार का परिवर्तन करना आवश्यक न समझा जाये, सूचियों का अनुमोदन करेगा। यदि पदोन्नति समिति नियुक्ति प्राधिकारी से प्राप्त सूचियों में कोई परिवर्तन करना आवश्यक समझे तो वह अपने द्वारा प्रस्तावित परिवर्तनों की सूचना नियुक्ति प्राधिकारी को देगा। पदोन्नति समिति की टिप्पणियों पर, यदि कोई हों, विचार करने के पश्चात् नियुक्ति प्राधिकारी उन सूचियों का ऐसे उपान्तरणों सहित, जो उसकी राय में न्यायसंगत एवं उचित प्रतीत हों, अंतिम रूप से अनुमोदन कर सकेगा और जब नियुक्ति प्राधिकारी सरकार का कोई अधीनस्थ प्राधिकारी हो तो समिति द्वारा अनुमोदित सूचियों में हेरफेर सरकार के अनुमोदन से ही किया जायेगा।

(15) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नियुक्तियां पूर्ववर्ती उप-नियम (14) के अधीन अंतिम रूप से अनुमोदित सूचियों में सम्मिलित किये गये व्यक्तियों में से उसी क्रम में की जायेंगी जिस क्रम में उनके नाम सूचियों में रखे गये हैं, जब तक कि ऐसी सूचियां निःशेष या पुनर्विलोकित और पुनरीक्षित न हो जायें या, यथास्थिति, प्रवृत्त न रह जायें।

(16) सरकार, ऐसे व्यक्ति के मामले में पदोन्नतियों, नियुक्तियों या अन्य आनुषंगिक मामलों में साम्यापूर्ण और उचित रीति से अनंतिम तौर पर संव्यवहार करने के लिए अनुदेश जारी कर सकेगी, जो उस समय निलम्बनाधीन हों, या जिनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही चल रही हो, जब किसी ऐसे पद पर की पदोन्नतियों पर विचार किया जाये जिसके लिए वे पात्र हैं या ऐसे निलंबन के या ऐसी जांच या कार्यवाही के लम्बित रहने के सिवाय पात्र होते।

(17) इन नियमों के किसी भी उपबंध में अंतर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी इस नियम के उपबंध प्रभावी होंगे।

30. पदोन्नतियां छोड़ देने वाले व्यक्तियों की पदोन्नति पर निर्बंधन.– यदि कोई व्यक्ति अगले उच्चतर पद पर अर्जेण्ट अस्थायी नियुक्ति के आधार पर या पदोन्नति समिति की सिफारिश पर नियमित आधार पर पदोन्नति द्वारा नियुक्त होने पर अपने लिखित अनुरोध द्वारा ऐसी नियुक्ति छोड़ देता है, और यदि नियुक्ति प्राधिकारी उसके अनुरोध को स्वीकार कर लेता है तो संबंधित व्यक्ति को, पश्चात्‌वर्ती दो भर्ती वर्षों के लिए, जिनके लिए पदोन्नति समिति की बैठक होती है, पदोन्नति हेतु (अर्जेण्ट अस्थायी नियुक्ति के आधार पर या नियमित आधार पर दोनों ही मामलों में) विचार करने के लिए विवर्जित किया जायेगा और ऐसे व्यक्ति का नाम, जो पदोन्नति छोड़ देता है, पश्चात्‌वर्ती दो भर्ती वर्षों की पदोन्नति समिति के समक्ष रखी जाने वाली वरिष्ठता–एवं–पात्रता सूची में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

भाग 6
नियुक्ति, परिवीक्षा और स्थायीकरण

31. अर्जेण्ट अस्थायी नियुक्ति.–(1) सेवा में की ऐसी रिक्ति को, जिसे इन नियमों के अधीन सीधी भर्ती या पदोन्नति द्वारा तुरन्त नहीं भरा जा सकता हो, नियुक्ति करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी ऐसे अधिकारी की, जो उस पद पर पदोन्नति द्वारा नियुक्ति का पात्र हो, स्थानापन्न हैसियत से नियुक्ति करके या जहां ऐसी सीधी भर्ती इन नियमों के उपबंधों के अधीन उपबंधित हो वहां किसी ऐसे व्यक्ति की, जो सेवा में सीधी भर्ती का पात्र हो, अस्थायी रूप से नियुक्ति करके, भरा जा सकेगा परन्तु ऐसी कोई नियुक्ति सरकार को उसकी सहमति के लिए निर्देशित किये बिना एक वर्ष से अधिक की कालावधि के लिए चालू नहीं रखी जायेगी और सरकार द्वारा सहमति देने से इनकार करने पर तुरन्त समाप्त कर दी जायेगी।

(2) पदोन्नति के लिए पात्रता की अपेक्षाएं पूरी करने वाले उपयुक्त व्यक्तियों के उपलब्ध न होने की दशा में, सरकार उपर्युक्त उप–नियम (1) के अधीन पदोन्नति के लिए अपेक्षित पात्रता की शर्त होने पर भी, वेतन और अन्य भत्तों के बारे में ऐसी शर्तों तथा निर्बन्धनों के अध्यधीन रहते हुए,

जो वह विनिर्दिष्ट करे, अर्जेण्ट अस्थायी आधार पर रिक्तियां भरने अनुज्ञा प्रदान करने के लिए सामान्य अनुदेश अधिकथित कर सकेगी तथापि, ऐसी नियुक्तियां, उक्त उप–नियम के अधीन यथा–अपेक्षि पदोन्नति समिति की सहमति के अध्यधीन होंगी।

32. वरिष्ठता.–सेवा में के संवर्ग में सम्मिलित पद पर नियुक्त व्यक्तियों की वरिष्ठता, इन नियमों के उपबंधों के अनुसार नियमित चयन के पश्चात् पद पर नियुक्ति की तारीख से अवधारित की जायेगी। तद या अर्जेण्ट अस्थायी आधार पर नियुक्ति, नियमित चयन के पश्चात् व नियुक्ति नहीं समझी जायेगी।

33. परिवीक्षा की कालावधि.–(1) किसी स्पष्ट रिक्ति के विरु सीधी भर्ती द्वारा सेवा में प्रवेश करने वाले व्यक्ति को 2 वर्ष की कालावधि के लिए परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में रखा जायेगा :

परन्तु ऐसी नियुक्ति के पश्चात् की वह कालावधि, जिसमें कि व्यक्ति को तत्समान या उच्चतर पद पर प्रतिनियुक्ति पर रखा गया ह परिवीक्षाकाल में गिनी जायेगी।

(2) उप–नियम (1) में विनिर्दिष्ट परिवीक्षा की कालावधि के दौरा प्रत्येक परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी से ऐसी विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर और ऐसा प्रशिक्षण प्राप्त करने की, जो सरकार समय–समय पर विनिर्दि करे, अपेक्षा की जा सकेगी।

34. कतिपय मामलों में स्थायीकरण.–(1) पूर्ववर्ती नियम अन्तर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, सेवा में किसी पद अस्थायी तौर पर या स्थानापन्न आधार पर नियुक्त हुए किसी व्यक्ति व जिसे इन नियमों के अधीन विहित भर्ती की रीतियों में से किसी एक री द्वारा हुई नियमित भर्ती के पश्चात् उसके सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त होने व दशा में सेवा में दो वर्ष की कालावधि पूर्ण करने पर छह मास व कालावधि के भीतर स्थायी नहीं किया गया हो तो वह अपनी वरिष्ठता अनुसार स्थायी माने जाने का हकदार होगा, यदि :–

का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है या वह संतोष प्रदान करने में विफल रहा है तो नियुक्ति प्राधिकारी उसे, नियुक्ति से ठीक पूर्व उसके द्वारा अधिष्ठायी रूप से धारित पद पर प्रतिवर्तित कर सकेगा बशर्ते उस पद पर उसका धारणाधिकार हो या अन्य मामलों में उसे सेवोन्मुक्त कर सकेगा या उसकी सेवा समाप्त कर सकेगा :

परन्तु–

(i) नियुक्ति प्राधिकारी, किसी भी मामले या मामलों के किसी वर्ग में, यदि उचित समझे तो सेवा के किसी सदस्य के परिवीक्षाकाल को ऐसी विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए बढ़ा सकेगा जो सेवा के किसी पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त व्यक्ति के मामले में दो वर्ष तक और ऐसे पद पर पदोन्नति द्वारा नियुक्त व्यक्ति के मामले में एक वर्ष तक हो सकेगी;

(ii) नियुक्ति प्राधिकारी अनुसूचित जाति या, यथास्थिति, अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों के मामले में, यदि उचित समझे, परिवीक्षाकाल एक बार में एक वर्ष से अनधिक की कालावधि तक और कुल मिलाकर तीन वर्ष से अनधिक की कालावधि तक बढ़ा सकेगा।

(2) उपर्युक्त उपबंध में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा के दौरान निलम्बनाधीन रखा जाये या उसके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जानी अनुध्यात हो या प्रारम्भ कर दी गयी हो तो उसका परिवीक्षाकाल ऐसी कालावधि तक बढ़ाया जा सकेगा जो नियुक्ति प्राधिकारी उन परिस्थितियों में उचित समझे।

(3) परिवीक्षा के दौरान या उसकी समाप्ति पर उप–नियम (1) के अधीन प्रतिवर्तित या सेवोन्मुक्त परिवीक्षाधीन व्यक्ति किसी प्रकार का प्रतिकर पाने का हकदार नहीं होगा।

36. स्थायीकरण.–(1) परिवीक्षा पर रखे गये किसी व्यक्ति को परिवीक्षाकाल की समाप्ति पर नियुक्ति में स्थायी कर दिया जायेगा, यदि–

(क) उसने विभागीय परीक्षा, यदि कोई हो, उत्तीर्ण कर ली हो;

(ख) उसने हिन्दी में प्रवीणता संबंधी विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो; और

(ग) सरकार का यह समाधान हो जाये कि उसकी सत्यनिष्ठा शंकास्पद नहीं है और यह कि वह स्थायीकरण के लिए अन्यथा उपयुक्त है।

(2) उप-नियम (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को, उसके परिवीक्षाकाल की समाप्ति पर, उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दिया जायेगा यदि नियमों में अधिकथित परिवीक्षाकाल के दौरान विहित विभागीय परीक्षा/प्रशिक्षण/हिन्दी में प्रवीणता परीक्षा, यदि कोई हो, आयोजित नहीं की जाती है, यदि वह स्थायीकरण के लिए अन्यथा: उपयुक्त है।

भाग 7

वेतन

37. परिवीक्षा के दौरान वेतन.-सीधी भर्ती द्वारा सेवा में नियुक्त किसी परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी को, परिवीक्षा की कालावधि के दौरान ऐसी दर से मासिक नियत पारिश्रमिक-संदत्त किया जायेगा जो सरकार द्वारा समय-समय पर नियत किया जाये।

38. वेतन, छुट्टी, भत्ते, अंशदायी पेंशन आदि का विनियमन.-इन नियमों में यथा-उपबंधित के सिवाय, सेवा के सदस्य का वेतन, भत्ते, अंशदायी पेंशन, छुट्टी और सेवा की अन्य शर्तें निम्नलिखित द्वारा विनियमित होंगी:-

(i) राजस्थान सेवा नियम, 1951, समय-समय पर यथा-संशोधित;

(ii) राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1958, समय-समय पर यथा-संशोधित;

(iii) राजस्थान यात्रा भत्ता नियम, 1971, समय-समय पर यथा-संशोधित;

(iv) राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतनमान) नियम, 1998, समय-समय पर यथा-संशोधित

(v) राजस्थान सिविल सेवा (अंशदायी पेंशन) नियम, समय-समय पर यथा-संशोधित;

(vi) राजस्थान सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1971, समय-समय पर यथा-संशोधित;

39. शंकाओं का निराकरण.-यदि इन नियमों को लागू करने और व्याप्ति के बारे में कोई शंका उत्पन्न हो तो मामला सरकार को निर्दिष्ट किया जायेगा जिसका विनिश्चय उस पर अंतिम होगा।

40. नियमों के शिथिलीकरण की शक्ति.-अपवाद सापेक्ष मामलों में जहां नियुक्ति प्राधिकारी का यह समाधान हो जाये कि भर्ती के लिए आयु के बारे में या अनुभव की आवश्यकता के संबंध में किसी विशिष्ट मामले में नियमों के प्रवर्तन से अनावश्यक कठिनाई होती है या जहां नियुक्ति प्राधिकारी की यह राय हो कि किसी व्यक्ति की आयु या अनुभव के संबंध में इन नियमों के किन्हीं उपबंधों को शिथिल करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह सरकार की सहमति से आदेश प्रसारित करके इन नियमों के सुसंगत उपबंधों से, ऐसी सीमा तक और ऐसी शर्तों के अध्यधीन रहते हुए, जो किसी मामले को न्यायोचित एवं साम्यापूर्ण रीति से निपटाने के लिए आवश्यक माने जायें, अभिमुक्त या शिथिल कर सकेगा, परन्तु ऐसा शिथिलीकरण इन नियमों में पूर्व में अन्तर्विष्ट उपबंधों से कम अनुकूल नहीं होगा :

परन्तु इस नियम के अधीन विहित सेवा की कालावधि या अनुभव में शिथिलीकरण विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित होने के पूर्व किसी पद पर पदोन्नति के लिए विहित सेवा या अनुभव की केवल एक तिहाई कालावधि की सीमा तक ही मंजूर किया जायेगा।

राजस्थान पंचायती राज प्रबोधक सेवा नियम, 2008

अनुसूची

क्र.सं.	पद का नाम	भर्ती की रीति प्रतिशत सहित	पद जिससे पदोन्नति की जानी है	पदोन्नति के लिए अर्हताएं और अनुभव	सीधी भर्ती के लिए अर्हताएं और अनुभव	अभ्युक्तियां
1	2	3	4	5	6	7
1.	वरिष्ठ प्रबोधक (5000-8000)	100 % पदोन्नति द्वारा	प्रबोधक	स्तम्भ सं. 4 में उल्लिखित पद पर 9 वर्ष का अनुभव होना चाहिए और प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक (बी.ईआई.एड.) या स्नातक सहित शिक्षा स्नातक (बी.एड.) या उसके समतुल्य हो।	-	यदि पदोन्नति के लिए उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं है तो पद, पंचायती राज शिक्षक के अध्यापकों (प्रारम्भिक शिक्षा) से स्थानांतरण द्वारा भरा जायेगा।
2.	प्रबोधक (4500-7000)	100 % सीधी भर्ती द्वारा	-	-	सीनियर सैकण्डरी स्कूल प्रमाणपत्र या माध्यमिक या उसके समतुल्य साथ ही मूल अध्यापक प्रशिक्षण में दो वर्ष से अन्यून कालावधि का डिप्लोमा या प्रमाणपत्र या प्रारंभिक अध्यापक प्रशिक्षण में दो वर्ष से अन्यून कालावधि का डिप्लोमा या प्रमाणपत्र। या प्रारम्भिक शिक्षा स्नातक (बी.ईआई.एड.) या स्नातक साथ ही शिक्षा स्नातक (बी.एड.) या उसके समतुल्य और किसी मान्यताप्राप्त शैक्षणिक संस्था/शैक्षणिक परियोजना में बिना किसी खण्डता के कम से कम 5 वर्ष का निरंतर अध्यापन अनुभव होना चाहिए।	

[संख्या एफ.4(14)विधि/संशो./प्रशि./पैरा./2008/1519]

राज्यपाल के आदेश और नाम से,

जेठमल व्यास,

शासन उप सचिव।

2011-12 J&K Gov. Regualrised ADHOC & CONTRACT health worker

Government of Jammu and Kashmir
Finance Department, Civil Secretariat
Jammu

Reference: Jammu & Kashmir civil service (special provisions) Act 2010.

Subject: Regularization of the employees appointed on adhoc, contractual or consolidated basis.

Circular

Attention of all Administrative Departments is invited to the circular issued by the Finance Department vide No: A/105(09)-69 dated: 15-01-2010 whereunder they were requested to furnish the consolidated list of Adhoc/Contractual/ Consolidated salaried employees working against clear posts in their respective departments on the proforma forming Annexure to the Government Order No. 1423 GAD of 2009 dated 14-10-2009 within a week from the date of issue of the above circular for examination and compilation of the cases of the above category of employees so that the same could be notified for information of all the concerned.

However, despite lapse of considerable period, it has been observed that the information as per prescribed format has not been furnished by all the departments as yet. In the meantime Jammu & Kashmir Civil Services (Special Provisions) Act 2010 has come into force on 29.4.2010 following which it has became legally binding to solicit requisite information from all the departments within the stipulated period.

Accordingly, all Administrative Departments are once again requested to furnish the requisite information strictly as per the format annexed to Government Order No. 1423 GAD of 2009 dated 14.10.2009 positively within 60 days from the issuance of this Circular in terms of sub section (2) of section 10 of the Act ibid. Since legal provisions in the Act ibid bar any extension in the date of submission of requisite information by the departments, information furnished after the prescribed period shall not be entertained and responsibility, if any, with regard to any genuine case(s) being left out shall squarely lie with the intending departments.

Director (Codes) 29/4/10
Finance Department

No: A/105(09)-481
Dt 29-4-2010
Copy to the:-
All Administrative Secretaries.

FAX. ...
e. mail: hrmhme@gmail.com

GOVERNMENT OF JAMMU AND KASHMIR
HEALTH AND MEDICAL EDUCATION DEPARTMENT
HUMAN RESOURCE MANAGEMENT BRANCH
Room No. 1/11- Ist floor, Mini block
Civil Secretariat, Jammu

Subject:- Regularization of Adhoc/Contractual/Consolidated Employe of Directorate of Indian System of Medicines J&K Jammu.

Reference: (i) O.M. No. PS/DC/Misc/058 dated: 16-09-2011 of Finan Department Civil Secretariat, J&K.
(ii) Director Indian System of Medicine J&K Jammu's lett No.DISM/Est/7051 dated. 18-01-2012.

Government Order No. 48 -HME of 2012
Dated: 20-01-2012

